नई दिल्ली
शनिवार
04 मई, 2024
वर्षः 10, अंकः 242
पृष्ठः 08, मूल्य 2 रु0

E-mail
story@sadbhawna.today
sadbhavnatoday@gmail.com
web: www.sadbhawna.today

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# सद्भावना टुडे

आवाज़ अधिकार की

DELHIN/2014/58158



जिला निर्वाचन पदधिकारी ने चुनाव तैयारी की...पेज-05

शाह ने कर्नाटक राजनीति में एसडीपीआई के प्रभाव...पेज-08

हिन्दी में प्रकाशित होने वाला सबसे लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र
'सद्भावना टुडे'
में विज्ञापन के लिए
सम्पर्क करें :-
011-43678240
E-mail
story@sadbhawna.today
sadbhavnatoday@gmail.com
web: www.sadbhawna.today

# इंडिया समूह संविधान में संशोधन की साजिश रच रहा हैः नरेंद्र मोदी

## मोदी ने भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में दुर्गापुर, कृष्णानगर और बोलपुर में लगातार तीन चुनावी रैलियों को संबोधित किया

**कोलकाता,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 'इंडिया समूह' पर संविधान में संशोधन करने की साजिश रचने का आरोप लगाया और विपक्ष को चुनौती दी कि वह लिखित में यह सुनिश्चित करने के लिए सामने आए कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण कम नहीं होगा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एससी/एसटी/ओबीसी) का आरक्षण समाप्त नहीं होगा और संविधान में बदलाव नहीं होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवारों के समर्थन में दुर्गापुर, कृष्णानगर और बोलपुर में लगातार तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि संविधान भारत में धर्म आधारित आरक्षण पर रोक लगाता है। डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने भी इसका समर्थन किया था।

मोदी ने हालाँकि एससी/एसटी/ओबीसी समुदायों को आरक्षण का अधिकार प्रदान करने के लिए संविधान में संशोधन करने के प्रयास के लिए कांग्रेस की आलोचना की, इस कदम पर कर्नाटक में विरोध का सामना करना पड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें यह सुनिश्चित करने के लिए लिखित आश्वासन की आवश्यकता है कि ओबीसी का आरक्षण कम नहीं किया जाएगा, एससी/एसटी/ओबीसी आरक्षण रद्द नहीं किया जाएगा और संविधान अपरिवर्तित रहेगा, जिसके लिए कांग्रेस ने पिछले दस दिनों से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। वाम दल और तृणमूल कांग्रेस भी इस मुद्दे पर चुप हैं। उन्होंने कहा, ये तृणमूल-वाम दल



और कांग्रेस वाले क्या कर रहे हैं? वे कहते हैं कि वे डंडे से मोदी का सिर तोड़ देंगे... वे कहते हैं कि मोदी को गोली मार दो... लेकिन मैं दृढ़ हूं। जितना अधिक वे मुझसे नफरत करेंगे, उतना अधिक मैं अपने देशवासियों की सेवा करूंगा। उन्होंने ने कहा, मौजूदा राजनीतिक खेल में शामिल सभी परिवार, जिनमें कांग्रेस राजघराना, तृणमूल और वामपंथी परिवार शामिल हैं, चुप रहकर मोदी की वोट जिहाद याचिका का मौन समर्थन कर रहे हैं। मुझ पर हमला करने से देशवासियों की सेवा करने की मेरी भावना और बढ़ गई है, क्योंकि पूरे भारत में मेरे 140 करोड़ लोगों को छोड़कर मुझे किसी भी तरह का खतरा नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आप सबका प्यार देख कर धन्य हो गया हूं। जितना मैंने सोचा था, उससे कहीं अधिक प्यार मिला। यदि मेरा लक्ष्य केवल प्रधानमंत्री पद पर बने रहना, उसके लाभों का आनंद लेना होता, तो मैं इसे केवल एक महीने में हासिल कर सकता था, लेकिन मैं यहां एक ही संकल्प के साथ आया हूं- आपकी सेवा करने का, अपने देश की सेवा करने का। उन्होंने कहा, मेरे जीवन का उद्देश्य आपके सपनों को पूरा करना है। मैं आप सभी की, हमारे देश के प्रत्येक नागरिक की सेवा करने के लिए यहां हूं। आपके बच्चे सिर्फ आपका भविष्य नहीं हैं, वे हमारे देश का भविष्य हैं और मैं आपके साथ मिलकर उस भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने कहा कि यहां तक कि तृणमूल और वाम दलों ने भी उनका विरोध नहीं किया है, क्योंकि यह उनके एजेंडे के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि बंगाल कांग्रेस की धर्म के आधार पर विभाजनकारी राजनीति का उदाहरण है। उनकी (श्री मोदी) सरकार का नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए), हिंदू, बौद्ध, जैन और ईसाई जैसे अल्पसंख्यकों को सुरक्षा का वादा करती है, जिनमें बड़ी संख्या में उत्पीड़ित दलित, नामशूद्र और संथाल परिवार शामिल हैं, जो अन्य देशों में धार्मिक उत्पीड़न से गुजरने के बाद आए हैं। कांग्रेस, तृणमूल -वाम दल और इंडिया समूह ने सीएए को खत्म करने की योजना की घोषणा की है, लेकिन भाजपा उन्हें ऐसा करने नहीं दे सकती है। श्री मोदी ने विशेषकर महिलाओं की बढ़ती उपस्थिति की ओर इशारा किया, जिसका परिणाम सात चरण के मतदान के बाद 04 जून को दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ अभी भी चुनाव परिणाम के बारे में अटकलें लगा रहे हैं, लेकिन ओपिनियन या एग्जिट पोल की कोई जरूरत नहीं है। परिणाम स्पष्ट है। मैंने भविष्यवाणी की थी कि उनके बड़े नेता हार के डर से राज्यसभा का विकल्प चुनेंगे और ऐसा ही हुआ। उसी तरह मैंने कहा था कि शहजादा वायनाड में हार के डर से दूसरी सीट मांगेंगे। अब, वह अमेठी से रायबरेली भाग गए हैं। कांग्रेस के पास इस बार कम सीटें होंगी। यह स्पष्ट हो रहा है कि वे सिर्फ जीतने और देश को विभाजित करने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने शिक्षक भर्ती घोटाले को लेकर तृणमूल को जमकर घेरते हुए कहा, मैं जानता हूं कि शिक्षक भर्ती घोटाले के पीड़ितों में से कितने लोगों की जिंदगी बर्बाद हो गई है।

# सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम राहत देने पर विचार करने का दिया संकेत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित कथित धनशोधन एक मामले में गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर अंतरिम जमानत देने पर विचार करने का शुक्रवार को संकेत दिया।



न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई के दौरान मौखिक तौर पर कहा कि उसने अभी कोई फैसला नहीं किया, लेकिन सुनवाई लंबी चलने की संभावना के मद्देनजर वह अंतरिम जमानत के सवाल पर विचार कर सकती है। पीठ स्पष्ट करते हुए कहा कि वह केवल सभी संबंधित अधिवक्ताओं को सूचित कर रही है कि सुनवाई जल्द पूरी नहीं होने की संभावना के मद्देनजर याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत देने पर विचार किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में वह अगली सुनवाई सात मई को करेगी। इससे पहले 30 अप्रैल को शीर्ष अदालत ने लोकसभा चुनाव से पहले श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय पर उठाए गए सवाल पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को तीन मई तक अपना स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया था। पीठ ने यह भी कहा था कि धनशोधन निवारण अधिनियम की धारा 19 अभियोजन पक्ष पर काफी अधिक जिम्मेदारी डालती है। इसलिए आरोपी जमानत का विकल्प नहीं चुन रहा है, क्योंकि तब उसे अदालत को यह विश्वास दिलाना होगा कि वह दोषी नहीं है। श्री केजरीवाल ने दिल्ली अबकारी नीति से संबंधित कथित धनशोधन के मामले में ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। शीर्ष अदालत के समक्ष अपने लिखित जवाब में श्री केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अपनी गिरफ्तारी के तरीके और समय पर सवाल उठाया है। उन्होंने तर्क दिया है कि उनकी गिरफ्तारी लोकतंत्र के सिद्धांतों, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और संघवाद पर एक अभूतपूर्व हमला था। इसलिए उनकी गिरफ्तारी और हिरासत को अवैध घोषित किया जाना चाहिए। श्री केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। कावेरी बावेजा की विशेष अदालत के आदेश पर वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

## एक नजर

### राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से नामांकन दाखिल किया




**रायबरेली,एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली लोकसभा सीट के लिये अपना नामांकन दाखिल किया। श्री गांधी ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर उनकी मां सोनिया गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मौजूद रहे। गौरतलब है कि वर्ष 1999 से श्री राहुल गांधी की मां श्रीमती सोनिया गांधी इस सीट का संसद में प्रतिनिधित्व करती रही हैं हालांकि मौजूदा लोकसभा चुनाव में उन्होने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुये चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। श्री राहुल गांधी का रायबरेली में मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिनेश प्रताप सिंह से होगा जिन्होने आज ही अपना नामांकन दाखिल किया है। इससे पहले श्री गांधी 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की स्मृति ईरानी से चुनाव हार गये थे हालांकि वह केरल की वायनाड सीट से चुनाव जीत कर लोकसभा पहुंचे थे। श्री गांधी के नामांकन जुलूस के दौरान हजारों समर्थकों की भीड़ मौजूद थी जबकि सड़क के दोनो ओर और छतों पर गांधी परिवार की एक झलक पाने के लिये चिलचिलाती गर्मी में हजारों लोग मौजूद रहे। इस दौरान समूचे रायबरेली के कई हिस्सों में जाम की स्थिति बन गयी। नामांकन जुलूस का नेतृत्व उनकी बहन एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा कर रही थी। गौरतलब है कि रायबरेली की सांसद रही श्रीमती सोनिया गांधी ने स्वास्थ्य कारणों से राज्य सभा जाते हुए यहां की जनता को एक भावुक पत्र लिखा था कि उनके स्थान पर उनके परिवार का ही कोई व्यक्ति यहाँ से चुनाव लड़ेगा जिसके बाद से ही यहां श्री राहुल गांधी अथवा उनकी बहन प्रियंका गांधी के चुनावी रण में उतरने के कयास लगाये जाने लगे हैं। रायबरेली सीट में 1999 में हुए उपचुनाव के बाद से कांग्रेस नेता सोनिया गांधी लगातार 2019 तक इस सीट से सांसद रही हैं लेकिन इस बार स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। वह राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो गई हैं।श्रीमती गांधी ने पिछले लोकसभा चुनाव में इस सीट पर 534918 मतों के साथ 56.41 प्रतिशत वोट हासिल किए थे जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह ने 38.78 प्रतिशत वोट हासिल कर 367740 मत प्राप्त किए थे।

# मोदी के नेतृत्व में भारत की जीडीपी का ग्राफ ऊपर जा रहा हैः जेपी नड्डा

**अहमदाबाद,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की जीडीपी का ग्राफ ऊपर जा रहा है। भाजपा की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री नड्डा आज यहां की-वाटर्स संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए और इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि 2014 से पहले देश भ्रष्टाचार और निराशा में था लेकिन 2014 में श्री मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश नई आशा के साथ आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ रहा है। पहले देश में विभाजन, जातिवाद और वोट बैंक की राजनीति थी लेकिन दस साल में उन्होंने भारत में केवल विकास की राजनीति स्थापित की है। यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध और कोरोना महामारी के समय दुनिया भर के देशों की जीडीपी कमजोर हो रही है, लेकिन श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की जीडीपी का ग्राफ ऊपर जा रहा है। उनके फिर से प्रधानमंत्री बनने पर भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगे कहा कि आज भारत में मोबाइल फोन पर मेड इन इंडिया लिखा हुआ दिखाई देता है, मोबाइल



मैन्युफैक्चरिंग में भारत दूसरे नंबर पर है। सात नए आईआईएम शुरू हो गए हैं। दुनिया की नजर में ऐसा कोई मंच नहीं है जहां श्री मोदी को आमंत्रित न किया जाता हो। यही है बदलते भारत की ताकत। आज दुश्मन देश भारत के सामने आंख उठाकर नहीं देख सकते। कोरोना जैसी महामारी में उन्होंने देश के वैज्ञानिकों को एक नहीं बल्कि दो-दो वैक्सीन विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया और नि:शुल्क टीकाकरण कर देश को कोरोना से सुरक्षित किया। श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खाते में रुपये जमा हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को श्री अन्न और मिलेटस हब बनाने की दिशा में काम किया जाना है।

# लोस चुनावः सपा और कांग्रेस दोहरे चरित्र के मालिक- योगी आदित्यनाथ

**संजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि भगवान राम के अस्तित्व को नकारने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के नेता लोकसभा चुनाव की घंटी बजने के बाद खुद को रामभक्त कहने लगे हैं जो उनके दोहरे चरित्र का परिचायक है। आंवला लोकसभा क्षेत्र में आयोजित चुनावी जनसभा में उन्होने कहा, पहले कांग्रेस और इंडी गठबंधन में शामिल दल बोलते थे कि राम हुए ही नहीं। वहीं जब रामलला का दिव्य, भव्य और नव्य मंदिर बन गया तो कहते हैं राम सबके हैं। यह इनका दोहरा चरित्र है। ऐसे ही चुनाव में जनता इनके लिये माई बाप हैं और चुनाव खत्म होते ही यह आपको पहचानते नहीं हैं। सपा, बसपा और कांग्रेस का काम झूठ बोलना है।

उन्होने कहा, इनका मेनिफेस्टो भी कुछ इसी तरह का है कि उसमें



अल्पसंख्यकों को खाने पीने की पूरी स्वतंत्रता देने की बात कही गयी है। जनता को नहीं बता रहे हैं कि ऐसा कौन का खान पान है जो बहुसंख्यक समाज नापसंद करता है। दरअसल, अल्पसंख्यक समाज को गौ मांस पसंद है, जिसे हम होने नहीं देंगे। हम गौ माता की रक्षा के लिए जान भी देंगे। अयोध्या में महाराज दिलीप ने गौ माता को शेर के मुंह से छुड़ाया था। ऐसे धर्मात्माओं ने भारत माता की धरती पर जन्म लिया है। सपा और कांग्रेस को गलतफहमी है कि वह किसी की रुचि के अनुसार खान-पान की स्वतंत्रता देंगे। योगी ने कहा कि प्रदेश में गौकशी की बात तो दूर कोई इसके बारे में सोचेगा भी तो उसके लिए जहन्नुम के द्वार खोल दिये जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में गरीब कल्याणकारी योजनाओं की बंदरबांट होती थी। कांग्रेस सरकार तो प्रभु श्रीराम और कृष्ण भगवान के अस्तित्व पर सवाल करती थी। वहीं सपा के लोग जय श्री राम का नारा लगाने पर जेल में बंद कर देने की धमकी देते थे।

# चौथे चरण में 96 सीटों पर 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमायेंगे। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को बताया कि इस चरण में आन्ध्र प्रदेश की 25, बिहार की 5,जम्मू कश्मीर की एक, झारखंड की 4, मध्य प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 11, ओडिशा की 4, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों के लिए चुनाव होगा। नामांकन की अंतिम तारीख 25 अप्रैल तक कुल 4264 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद 1970 नामांकन पत्र वैध पाए गए। तेलंगाना की 17 सीटों के लिए 525, आंध्र प्रदेश की 25 सीटों के लिए 454, महाराष्ट्र की 11 सीटों के लिए 298 और उत्तर प्रदेश की 13 सीटों के लिए 130 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जम्मू कश्मीर की एक सीट के लिए ही 24 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

# कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से लेकर कार्यकर्ता तक हार से डरेः अनुराग

**शिमला।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से लेकर देश भर में स्थानीय नेतृत्व के हार से डरे होने की बात कही। श्री ठाकुर ने यह बातें हमीरपुर के सुजानपुर मंडल में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में कहीं। उन्होंने कहा,''कांग्रेस पार्टी इन चुनावों में पूरी तरह हताश और निराश दिख रही है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से लेकर स्थानीय नेतृत्व के अंदर हार का डर भर गया है। डरो मत के नारे के साथ शुरुआत करने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज हार के डर से कभी अमेठी से वायानाड और कभी वायनाड से रायबरेली जा रहे हैं। न्याय की बात करने वाली कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ कांग्रेस में खुद अन्याय हुआ है क्योंकि उनके पति रॉबर्ट वाड्रा रायबरेली से टिकट मांग रहे थे। प्रियंका जी का स्वयं भी रायबरेली से चुनाव लड़ने हेतु नाम सामने आ रहा था। अब वायनाड के हार को सामने देख कर श्री राहुल गांधी रायबरेली पहुँचे हैं,श्री राहुल गांधी जितना मर्जी भाग लें उनकी दोनों



जगह से हार निश्चित है।लगता है कांग्रेस पार्टी के शीर्ष में भी सब कुछ ठीक नहीं है।

श्री ठाकुर ने आगे कर्नाटक के जनतादल-एस नेता श्री प्रज्वल रेवन्ना के ऊपर पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा, जब कांग्रेस को उसके बारे में पता था तो समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की? कानून व्यवस्था हमेशा राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है। मान लीजिए हिमाचल में जब दो बहनों की हत्या हुई थी तब क्या अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग केंद्र सरकार से की जाएगी? अब जब वह व्यक्ति विदेश चला गया तब कांग्रेस जानबूझकर इस पर राजनीति कर रही है। कांग्रेस शासित कर्नाटक में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। हाल में ही जब एक कांग्रेस काउंसलर की बेटी की बेरहमी से हत्या की गई तब भी वहां की कांग्रेस सरकार ने वोट बैंक और तुष्टीकरण के चलते कोई कार्रवाई नहीं की। बेंगलुरु में आतंकवादी हमला होता है तब भी कांग्रेस आतंकियों को पकड़ने के बजाय तुष्टीकरण करने में व्यस्त रहती है। अंत में आतंकियों को ममता बनर्जी द्वारा शासित पश्चिम बंगाल से पकड़ा जाता है। अभी भी कर्नाटक से एक राजनीतिक व्यक्ति के वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस की सरकार उसपर कार्रवाई करने में पूरी तरह से विफल रही। इन्हें पूरे प्रकरण के बारे में पहले से मालूम था फिर भी इन्होंने उसे विदेश भागने दिया। कर्नाटक के विधानसभा में राज्यसभा के चुनाव के बाद कांग्रेस के समर्थक पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हैं पर कांग्रेस उस पर कार्रवाई करने की बजाय उसकी लीपापोती करती है। श्री ठाकुर ने अंत में कहा कि हमें फर्क नहीं पड़ता कि हमारे सामने विपक्षी उम्मीदवार कौन है। हम अपने विकास के ट्रैक रिकार्ड, मुद्दों और विचारधारा पर चुनाव लड़ते हैं।

# संविधान की प्रस्तावना से सेकुलर शब्द हटाएंगेः भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज कहा कि लोकसभा चुनाव जीतने पर भाजपा की सरकार संविधान की प्रस्तावना से सेकुलर शब्द हटा देगी।

भाजपा के महासचिव दुष्यंत गौतम ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस भाजपा पर संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने के बेबुनियाद आरोप लगा रही है , लेकिन भाजपा का नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्पष्ट कर चुके हैं कि संविधान और आरक्षण के साथ कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि संविधान को बदलने का पाप कांग्रेस ने किया है। संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा होती है।

# मुख्यमंत्री मान के आवास के बाहर की सड़क फिलहाल नहीं खुलेगी: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के चंडीगढ़ स्थित आवास के बाहर की सड़क परीक्षण के तौर पर आम लोगों की आवाजाही के लिए खोलने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने पंजाब के वर्तमान मुख्यमंत्री पर खतरे का दावा करने वाली याचिका पर केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ प्रशासन को नोटिस जारी किया। पीठ ने नोटिस जारी करते हुए कहा, कोई नहीं चाहता कि कुछ भी अप्रिय घटित हो। परीक्षण के तौर पर सड़क खोलने के निर्देश पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गई है, लेकिन उच्च न्यायालय अपने समक्ष रिट याचिका की कार्यवाही जारी रह सकती है। शीर्ष अदालत ने पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह की दलील को रिकॉर्ड में लिया कि हाल के वर्षों में दुर्भाग्य से आतंकवाद फिर से बढ़ गया है और खुफिया भवन पर हथगोले फेंके गए। श्री सिंह ने दलील देते हुए पीठ के समक्ष कहा कि परीक्षण के तौर पर भी उक्त सड़क को आम लोगों के लिए खोलना उचित नहीं है। उन्होंने उच्च न्यायालय के आदेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए लोकप्रिय पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की कथित हत्या का उदाहरण दिया और कहा कि उनकी सुरक्षा वापस लेने के तुरंत बाद उन्हें कथित तौर पर मार दिया गया था।

# ई तकनीक से बढ़े नए अपराध, इन पर लगाम के लिए जरूरी हैं नये कानून: जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा



मो. हबीबुल्लाह उर्फ मुन्ना, सद्भावना टुडे संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यायल द्वारा तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर आयोजित जागरूकता अभियान के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा पहुंची.इस मौके पर अभियान को संबोधित करते हुए जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि आम तौर पर सभी जज समाज के लिए कुछ अच्छा करना चाहते हैं. लेकिन अगर उन्हें अच्छे कानून देंगे तभी वो अच्छा कर पाएंगे. इस दौरान उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से जुड़े अपने पढ़ाई के दिनों की पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहा कि वह आज जो भी हैं, वो इसी विश्वविद्यालय की बदौलत हैं. डीयू ऐसी जगह है जहां आप जब भी आते हैं तो ये आपको कुछ देती ही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दिल्ली विश्वविद्यायल के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ये तीन नए कानून परिवर्तनकारी साबित होंगे. उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और लोकतन्त्र की नींव कानून के शासन पर टिकी होती है. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंची सर्वोच्च न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता मोनिका अरोड़ा ने तीनों नए क़ानूनों की पुराने क़ानूनों से तुलनात्मक व्याख्या प्रस्तुत की. कार्यक्रम के दौरान डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी, रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता, प्रॉक्टर प्रो. रजनी अब्बी और डीन अकादमिक प्रो. के रत्नाबली सहित अनेकों शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने अपने विस्तृत व्याख्यान में तीन नए आपराधिक कानूनों, अर्थात् भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इनके लिए 32 हजार लोगों ने अपने-अपने बहुमूल्य सुझाव भेजे थे, जिनके आधार पर इन क़ानूनों को बनाया गया है. यह तीनों कानून एक जुलाई, 2024 से ब्रिटिश युग के औपनिवेशिक कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता 1860, आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ब्रिटिश युग के कानूनों में दंड (पिनल) शब्द का इस्तेमाल किया गया था जबकि इन क़ानूनों में दंड की जगह अब न्याय शब्द प्रयोग किया गया है. इन शब्दों में बहुत बड़ा अंतर है. अंग्रेजों द्वारा दिया गया कानून उनके नजरिए से था जिसमें दंड पर ज़ोर था लेकिन अब न्याय की बात की गई है. जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि हमें अंग्रेजों द्वारा दिये गए क़ानूनों और उनकी भाषा से भी स्वतंत्र होना है। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय पहले हूँ और जज बाद में. नए क़ानूनों की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि बदलते दौर में हमें नई तकनीक की जरूरत है. नई तकनीक के आगमन के साथ नए अपराध भी सामने आएंगे. ऐसे में नए क़ानूनों की भी जरूरत होती है. इसलिए हमें इन क़ानूनों का साकारात्मकता से स्वागत करना चाहिए.जस्टिस शर्मा ने दिल्ली विश्वविद्यालय से आह्वान किया कि जो नए कानून आए हैं, उन के कार्यान्वयन पर भी स्टडी करनी चाहिए।

# जेएनयू में विरोध प्रदर्शन दंडनीय अपराध घोषित, अभाविप ने की निंदा

**सैफुल्लाह सिद्दीकी, सद्भावना टुडे**

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में अब किसी भी शैक्षणिक या प्रशासनिक भवन के 100 मीटर के दायरे में धरना, भूख हड़ताल, समूह की घुसपैठ या किसी अन्य प्रकार का विरोध प्रदर्शन दंडनीय अपराध होगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने जेएनयू प्रशासन द्वारा जारी किए गए इस ताजा आदेश की कड़ी निंदा की है।

अभाविप ने शुक्रवार को कहा कि यह आदेश विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के प्रदर्शन के अधिकार का हनन करता है। विद्यार्थी परिषद का मानना है कि इस आदेश से छात्रों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और असहमति जताने के उनके मौलिक अधिकार का उल्लंघन होगा। जेएनयू परिसर छात्रों के लिए वह स्थान है, जहां विचारों का आदान-प्रदान होता है। जेएनयू जैसे परिसर में छात्रों को अपनी समस्याओं को उठाने और विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार होना चाहिए। यह आदेश जेएनयू वीसी, जेएनयू प्रशासन और डीओएस मनुराधा चौधरी के तानाशाही रवैये को दर्शाता है, जो लगातार छात्रों के आवाज को दबाने का प्रयास कर रहा है। जेएनयू प्रशासन और डीओएस द्वारा गुरुवार को जारी किए गए नए मैनुअल में कहा गया है कि डीन ऑफ स्टूडेंट्स कार्यालय व इंटर हॉल एडमिनिस्ट्रेशन भवन 100 मीटर के दायरे के अंतर्गत आता है। किसी भी शैक्षणिक और प्रशासनिक परिसर के 100 मीटर के दायरे के भीतर भूख हड़ताल, धरना, समूह की घुसपैठ और किसी अन्य रूप का प्रदर्शन करना या किसी भी शैक्षणिक और प्रशासनिक परिसर के प्रवेश या निकास को अवरुद्ध करना जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्रों के अनुशासन और उचित आचरण के नियमों (विश्वविद्यालय के विधियों के अधीन संविधि 32(5) के अनुसार) के तहत दंडनीय अपराध है। एबीवीपी जेएनयू अध्यक्ष राजेश्वर कांत दूबे ने कहा कि यह प्रशासन छात्रों को उनकी आवाज उठाने से रोकने की कोशिश कर रहा है। यह प्रशासन का तानाशाही रवैया है। हम इस आदेश का पुरजोर विरोध करते हैं। छात्रों को अपनी बात रखने का अधिकार है। यह आदेश छात्रसंघ चुनावों को भी प्रभावित करेगा। एबीवीपी जेएनयू की इकाई मंत्री शिखा स्वराज ने कहा कि छात्रों को अपनी समस्याओं को उठाने और विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है। यह नया नियम विरोध प्रदर्शन को रोकने का एक हथकंडा है। यह प्रशासन छात्रों के हितों की रक्षा करने में विफल रहा है। यह फैसला इस गौरवशाली परंपरा पर सीधा हमला है। हम मांग करते हैं कि इस आदेश को तुरंत वापस लिया जाए।

# दिल्ली महिला आयोग के कर्मचारियों की बर्खास्तगी पर स्वाति के बाद आतिशी ने उपराज्यपाल पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डब्ल्यूसीडी) में अवैध रूप से नियुक्त संविदा कर्मचारियों की बर्खास्ती को लेकर दिल्ली के मंत्रियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना और भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश में महिलाओं के लिए %सबसे बड़ा खतरा% है। उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने दिल्ली महिला आयोग में ''अवैध रूप से%% नियुक्त 52 संविदा कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी है। अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई जून, 2017 में एक समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर की गई है। आतिशी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर कहा, ''दिल्ली महिला आयोग के स्टाफ़ ने हजारों दुष्कर्म पीड़ितों, तेजाब हमला के पीड़ितों...की मदद की; अपनी हेल्पलाइन से लाखों महिलाओं को न्याय दिलवाया, उस स्टाफ को आयोग से बाहर निकालने का उपराज्यपाल का फ़रमान आया है। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, ''भाजपा की केंद्र सरकार बलात्कारियों को माला पहनाकर टिकट देती है, और पीड़ित, बेसहारा महिलाओं के हक़ के लिए लड़ने वाले आयोग को बर्बाद कर देती है। पूरा देश जान ले कि इस देश में महिलाओं के लिए सबसे बड़ा ख़तरा भाजपा ही है।

# एनकाउंटर में गोगी गिरोह का शूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक एनकाउंटर में गोगी गिरोह के एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि कुख्यात गोगी गिरोह का एक सदस्य कई मामलों में वांछित था और जिसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट था, उसे दिल्ली में एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान मोहम्मद फैजान (35) के रूप में हुई है और वह दिल्ली के सावदा का रहने वाला है। उसके खिलाफ हत्या, जबरन वसूली, डकैती और चोरी के छह मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, फैजान, जिसे नन्हे, कालू और गोगा के नाम से भी जाना जाता है, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में एक हत्या के मामले में वांछित था और अन्य मामलों में भी अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था।

पुलिस को विशेष जानकारी मिली कि बदमाश अपनी मोटरसाइकिल पर जापानी पार्क के पास अपने साथियों के साथ मिलने आएगा। इसके बाद एक विशेष सेल ने जाल बिछाया और बदमाश को रोक लिया। पुलिस ने बताया कि लगभग




02ः30 बजे रोहिणी में जापानी पार्क के गेट नंबर 3 के पास एक मोटरसाइकिल सवार को रोका गया। जब उसे पता चला कि पुलिस ने उसे घेर लिया है, तो उसने तुरंत पुलिस पार्टी पर गोलियां चला दीं और मौके से भागने की कोशिश की। पुलिस अधिकारी के अनुसार, आत्मरक्षा में गोली चलाई गई और फैजान के दाहिने पैर में चोटें आईं। स्पेशल सेल ने कहा कि उसके पास से एक अत्याधुनिक पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद की गई है। पुलिस ने कहा कि फैजान को डॉ. बीएसए अस्पताल भेजा गया है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# एम्स में नर्सिंग कॉलेज की दो शिक्षकों को छुट्टी पर भेजा गया, एक छात्रा की आत्महत्या के बाद मामला गर्माया

**नई दिल्ली,एजेंसी।** एम्स में नर्सिंग की छात्रा लक्ष्मी की आत्महत्या के मामले पर विवाद बढ़ता जा रहा है। घटना को लेकर नर्सिंग की छात्रों में रोष और उनके विरोध के मद्देनजर एम्स प्रशासन ने नर्सिंग कॉलेज की दो फैकल्टी (शिक्षक) को जांच पूरी होने तक अवकाश पर भेज दिया है। एम्स प्रशासन का कहना है कि नर्सिंग की छात्राओं द्वारा लगाए जा रहे आरोपों की जांच एक कमेटी करेगी। एम्स के सूत्रों के अनुसार अवकाश पर भेजी गई दोनों फैकल्टी नर्सिंग अधिकारी हैं, जो नर्सिंग कालेज में छात्राओं को पढ़ाती भी हैं। उल्लेखनीय है कि एम्स में 30 अप्रैल को नर्सिंग की पहले वर्ष की छात्रा लक्ष्मी ने आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के बाद नर्सिंग की छात्रों ने एम्स प्रशासन को पत्र लिखकर पढ़ाई के लिए अत्यधिक दबाव बनाने और मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया था। इसके अलावा लगातार दो दिन विरोध प्रदर्शन व कैंडल मार्च भी किया। इस दौरान नर्सिंग की छात्रों ने घटना के लिए जिम्मेदार दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग कर रही हैं। एम्स के मीडिया डिविजन की प्रभारी डॉ. रीमा दादा ने नर्सिंग की छात्राओं पर कॉलेज में किसी तरह का मानसिक दबाव बनाने व प्रताड़ित किए जाने की घटना से इनकार किया और कहा कि छात्राओं के आरोप के मद्देनजर दो शिक्षकों को जांच पूरी होने अवकाश पर भेजकर जांच की जा रही है। जहां तक मुआवजे की बात है तो छात्राओं को बता दिया गया है कि ऐसे मामलों में सरकार के दिशा निर्देशों के प्रविधानों के मुताबिक कदम उठाए जाएंगे।

# नांगलोई इलाके में नाबालिग ने किशोरी से किया दुष्कर्म

**नई दिल्ली।** नांगलोई इलाके में किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। लोगों ने नाबालिग आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित परिवार व हिंदू संगठनों के लोगों ने बृहस्पतिवार रात नांगलोई थाने का घेराव किया और जाम लगाया। पुलिस अधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 30 अप्रैल की रात नांगलोई में रहने वाली किशोरी के साथ दुष्कर्म किए जाने की शिकायत मिली। किशोरी नांगलोई मेट्रो स्टेशन के पास पड़ी मिली थी। तबीयत खराब होने की वजह से उसने उस रात बयान नहीं दिया। 2 मई की शाम पीड़िता ने दिए बयान में बताया कि 30 मई की रात उसके साथ कुछ नहीं हुआ था। लेकिन आरोपी पहले तीन-चार बार उसके साथ शारीरिक शोषण कर चुका है। पीड़िता के बयान पर पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। इसी बीच आरोपी के दूसरे समुदाय के होने की जानकारी मिलने के बाद बृहस्पतिवार रात 8.30 बजे हिंदू संगठन के पदाधिकारी पीड़ित परिवार को लेकर नांगलोई थाने पहुंच गए। सभी घटना से नाराज थे। करीब सैकड़ों की संख्या में लोग थाने के पास नांगलोई चौक पर सड़क पर बैठ गए और यातायात को अवरुद्ध कर दिया। नाराज लोग आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। सूचना मिलते ही जिले के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस उपायुक्त नांगलोई, सुल्तानपुरी सहित मुंडका, निहाल विहार और पश्चिम विहार पश्चिम के थाने के प्रभारी मौके पर पहुंच गए। इस बीच लोगों ने आरोपी को पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने लोगों के चंगुल से आरोपी को बचाया और इस मामले में पकड़ लिया।

# जयप्रकाश अग्रवाल को जिताने के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता हुए एकजुट

**शबाना बेगम,सद्भावना टुडे**

**नई दिल्ली।** चौक लोकसभा सीट से कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन के साझा उम्मीदवार वरिष्ठ नेता जयप्रकाश अग्रवाल को जिताने के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सभी दस विधानसभा क्षेत्रों में एकजुट हो पूरे जोश और मुस्तैदी के साथ अपने-अपने क्षेत्र में जुट गए हैं। चुनाव प्रचार के दौरान जयप्रकाश लोगों को भरोसा दिला रहे हैं कि जीतने के बाद वे उनके सहयोग से उनके साथ मिलकर क्षेत्र का विकास करेंगे। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है। जयप्रकाश अग्रवाल का चुनाव प्रचार गति पकड़ रहा है।



जयप्रकाश अग्रवाल ने दिल्ली नगर निगम में नेता सदन मुकेश गोयल से उनके आवास पर लोगों से मुलाकात कर चुनावी चर्चा की। देर शाम दिल्ली सरकार में मंत्री इमरान हुसैन ने जयप्रकाश अग्रवाल के समर्थन में अपने विधानसभा क्षेत्र बल्लीमारान में कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई जिसमें दोनों पार्टी के नेताओं- कार्यकर्ताओं ने चुनाव में श्री अग्रवाल को जिताने का संकल्प लिया। इसके अलावा श्री अग्रवाल के समर्थन में शालीमार बाग और मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में भी आम आदमी पार्टी और कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक की गई। बैठक में स्थानीय बीजेपी सांसद का अपने कार्यकाल यानी 10 वर्ष तक क्षेत्र से नदारद रहने को लेकर लोगों ने काफी रोष प्रकट किया। साथ ही मोदी सरकार की एक वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों को लेकर काफी नाराजगी थी बैठक में जयप्रकाश अग्रवाल ने लोगों को भरोसा दिलाया कि चुनाव जीतने के बाद वह क्षेत्र में रहकर उनके सहयोग से और उनका साथ लेकर काम करेंगे। उनके (लोगों) लिए मेरे घर के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे। इन बैठको में विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, पूर्व विधायक कुंवर करण सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज यादव, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र महावर, प्रमुख समाजसेवी वी के अग्रवाल सहित कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्रीय नेता और प्रमुख समाज सेवी भी मौजूद थे।

# पीएम के नेतृत्व में दिल्ली के विकास को देंगे गति- रामवीर

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी ने नामांकन दाखिल करने से पहले लाडो सराय चुनाव कार्यालय पर जनसभा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली के विकास को गति देंगे। मोदी सरकार ने दिल्ली को कई सौगातें दी हैं। इनमें पेरिफेरल रोड, इको पार्क, 6 लेन का नेशनल हाईवे, इंडिया गेट टनल, नेशनल वार मेमोरियल, कर्तव्य मार्ग, नया संसद भवन और इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा सहित अन्य विकास कार्य शामिल हैं। वहीं, केजरीवाल सरकार ने दिल्ली पर दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी का कलंक लगा दिया है। वे स्वयं व मंत्री जेल में हैं।

जनसभा के बाद बिधूड़ी ने पृथ्वीराज मार्केट स्थित गोपाल मंदिर में माथा टेका। इसके बाद ढोल और फूलों की बौछारों के बीच चुनाव कार्यालय लाडो सराय से डीएम ऑफिस साकेत तक रोड शो किया। काफिला जब साकेत स्थित डीएम ऑफिस पहुंचा तो यहां उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री, दिल्ली की सह प्रभारी डॉ. अल्का गुर्जर और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की उपस्थिति में उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी। मोदी 400 से अधिक सांसदों के समर्थन से एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। अपने दस साल के कार्यकाल में मोदी सरकार ने असंभव कार्य किए हैं। उनके कामों में धारा-370 को हटाना, सीएए लागू करना और अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर स्थापित करने सहित दूसरे ऐसे काम थे जिन्हें कभी असंभव कहा जाता था। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार केवल भ्रष्टाचार को छिपाने, परिवार व तुष्टिकरण को बढ़ाने के लिए चुनावी मैदान में हैं।

# फर्जी यूट्यूब चैनलों,पत्रकारों पर हो सख्त कार्रवाई- अशोक कुमार निर्भय

**शहनवाज़ सैफ, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में ऐसे लोगों की बाढ़ आ गई है, जिनका किसी भी अखबार, मीडिया हॉउस अथवा चैनल से कोई सरोकार नहीं है। पत्रकारिता का बेसिक तो छोड़ो पत्रकारिता की परिभाषा तक उनको नहीं पता होती फिर भी वह अपने को पत्रकार कहते और अधिकारियों और आमजन पर अनर्गल दवाब बनाते हैं। कई प्रेस कांफ्रेंसों में पहुंच कर नकली चैनल के आईडी से आयोजकों और पीआर एजेंसी को भ्रमित करके उपहारों पर तो हाथ साफ़ करते ही हैं वहीं प्रति फ़र्ज़ी पत्रकार के हिसाब से पैसे की डिमांड तक करते देखे जा सकते हैं।

आज राजधानी दिल्ली में ही कई वाहन चालक भी फर्जी पहचान पत्र लिए घूम रहे हैं और वह आम जनमानस को ब्लैकमेल कर रहे हैं। काफी ऐसे भी हैं जो अवैध निर्माण के नाम पर भी लोगों को परेशान कर उन्हें ब्लैकमेल करने का काम कर रहे हैं। कुछ जुआ सट्टे की फ़र्ज़ी खबर ट्वीट करके पैसा उगाही में लगे हैं। इसके अलावा अनगिनत वाहन पर प्रेस अंकित है, जबकि इन वाहनों का पत्रकारिता से कोई वास्ता नहीं है। इसलिए जल्द ही ऐसे फर्जी पत्रकारों व अवैध यू-ट्यूब न्यूज चैनल चलाने वालों की जांच कराकर सख्त कार्रवाई की मांग विश्व पत्रकार महासंघ दिल्ली प्रदेश (रजि) केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय और दिल्ली पुलिस कमिशनर समेत दिल्ली के एलजी साहब से करता है। विश्व पत्रकार महासंघ दिल्ली प्रदेश (रजि) प्रदेश प्रभारी और वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक अशोक कुमार निर्भय ने फ़र्ज़ी यूट्यूब न्यूज़ चैनलों पर कार्रवाई की मांग उठाते हुए कहा कि इन दिनों चैनलों और अख़बारों में काम पत्रकारों को भी यूट्यूब चैनल चला रहे फर्जी पत्रकारों से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल जिन पत्रकारों को पत्रकारिता का अ भी नहीं पता है वे लोग हाथ में माइक लेकर अपने आप को वरिष्ठ पत्रकार कहते हुए राजधानी दिल्ली समेत शहर दर शहर भारत के महानगरों और कस्बों तक में सरेआम बिना किसी रोक-टोक के घूम रहे हैं। ये लोग अपनी गाड़ियों पर बड़े-बड़े शब्दों में प्रेस लिखवाकर इस शब्द का भी दुरुपयोग कर रहे हैं। यूट्यूब चैनल के इन फर्जी पत्रकारों की शिकायतें अब कई राज्यों के पुलिस मुख्यालय तक पहुंचनी शुरू हो गई हैं। हैरानी की बात यह है कि पुलिस की ओर से भी वाहनों पर प्रेस शब्द लिखा कर घूमने वाले लोगों को रोक कर इन के वाहनों की जांच तक नहीं की जा रही है। पत्रकारिता की आड़ में कालाबाजारी करने वाले ऐसे तथाकथित पत्रकार बनकर असल में पत्रकारिता जगत और पत्रकारों की छवि को भी धूमिल कर रहे हैं। विश्व पत्रकार महासंघ दिल्ली प्रदेश (रजि) के अध्यक्ष विक्रम गोस्वामी का कहना है कि यूट्यूब चैनल चलाने वाले कुछ लोग को प्रिटिग प्रेस से आसानी से माइक मिल जाता है। ये लोग वहां कुछ पैसे देकर एक नकली माइक आईडी तैयार कर लेते हैं। इसके बाद यह अपने आप को पत्रकार कहते हुए इंटरनेट मीडिया पर अपनी तस्वीरें वायरल करना शुरू कर देते हैं। बिना किसी बेसिक पत्रकारिता की योग्यता के ही अनपढ़ और पांचवी पढ़े लोग जिनमें खासकर लड़कियां शामिल हैं इससे समाज में रहने वाले लोग इन सबको पत्रकार समझकर इन से धोखा खा जाते हैं। ऐसे प्रिंटिंग प्रेस और यूट्यूब चैनलों और उनके पत्रकारों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इन चैनलों पर बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे चैनलों व उनके कथित फर्जी पत्रकारों को बाइट देने वाले अधिकारियों और नेताओं पर भी कार्रवाई होनी चाहिए, क्योंकि वह अनैतिक रूप से समाज में भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। आपको ज्ञात होना चाहिए कि फर्जी पत्रकार बिना वजह इंटरनेट पर गलत पोस्ट वायरल कर के लोगों को गुमराह करते हैं। इस पर राज्य इ केंद्र सरकार को शिकंजा कसना चाहिए। उधर, अगर कोई कर्मचारी अपने बड़े अधिकारी की अनुमति के बिना यूट्यूब में फर्जी पत्रकार को बाइट आदि देता है तो ऐसे कर्मचारी के खिलाफ भी 16 सीसीए के अंतर्गत कार्रवाई की जानी चाहिए। इससे फर्जीवाड़ा करने वाले बेनकाब हो सकते हैं। बिना अखबार के कार्ड व सरकारी कार्ड की जांच के बिना अधिकारियों को भी ऐसे फर्जी यूट्यूब चैनल के कथित पत्रकारों को बाइट नहीं देनी चाहिए।




# दलबदलू सदस्य बताएं कि हमारे बंदी सिखों को रिहा कर दिया गया क्या : बीबी रणजीत कौर

**नई दिल्ली।** देश के मौजूदा हालात को देखते हुए यह स्पष्ट है कि भाजपा पार्टी की नीतियां पंजाबियों, किसानों और देश के प्रति शत्रुतापूर्ण हैं। और वे नफरत के जहरीले प्रचार से देश की सत्ता दोबारा हासिल करने की फिराक में हैं। दागियों के खिलाफ अपनाए जा रहे मानकों के कारण दागी लोग भाजपा रूपी वॉशिंग मशीन के अंदर जाकर खुद को दूध का धुला बनकर साबित करने में लगे हुए हैं। लेकिन वे भूल जाते हैं कि यह सरकारें कभी स्थिर नहीं रहतीं, समय परिवर्तन लाता है और हर व्यक्ति को अपने कार्यों का जवाब देना पड़ता है। दिल्ली कमेटी के जो सदस्य दिल्ली कमेटी से इस्तीफा दिए बिना भाजपा के सदस्य बन रहे हैं, उन्हें एक बार गुरु साहिब की ओर देखना चाहिए था और सोचना चाहिए था कि वर्तमान केंद्र केवल अपने गुप्त एजेंडे के तहत सिख पंथ के साथ विश्वासघात कर रहा है उनसे सिख पंथ को कुछ नहीं मिला है। दलबदलू सदस्य बताए कि हमारे बंदी सिंहों को रिहा कर दिया गया है, किसानों का मुद्दा हल हो गया है, सिखों की काली सूची बननी बंद हो गई है, सिखों को अभी भी यह महसूस नहीं कराया जा रहा है कि वे दोयम दर्जे के नागरिक हैं, आदि ऐसे कई मुद्दे हैं जिनके बारे में लिखा जा सकता है क्या वह सभी सुलझ गए हैं। नोटबंदी के बाद कोरोना लहर के दौरान लोगों को उनके हाल पर छोड़ने का केंद्र सरकार का अविस्मरणीय कदम दुनिया के अंत तक याद रखा जाएगा। ताजा मामला यह है कि बीजेपी के गठबंधन के चलते कर्नाटक से प्रज्वल को लोकसभा का टिकट दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रज्वल के एक हजार से ज्यादा सेक्स वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

## एक नजर

### मामूली कहासुनी में चाकू मारकर कर दी हत्या



**कुन्दन, सद्भावना टुडे, संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिणी पूर्व जिले के थाना ओखला औधोगिक क्षेत्र में वीरवार शाम 6 बजे 18 साल के शुभम नाम के युवक की हत्या कर दी गई। उस पर चाकू से ताबड़तोड़ कई बार वार किए गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया गया है। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर संभावित जगहों पर दबिश देकर दो नाबालिग युवकों सूरज और संतोष को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक परिवार के लोगों ने बताया कि शुभम के माता पिता का निधन हो चुका है और वह अपने बड़े भाई और भाभी के साथ डी- ब्लॉक ओखला फेज-2 की झुग्गियों में रहता है। वह डीडीए फ्लैट्स स्कूल में 10 कक्षा में पढ़ता था और साथ ही अपना खर्च चलाने के लिए जेमेटो में काम भी करता था। जिसने कुछ दिन पहले ही नौकरी छोड़ी थी। वीरवार के शाम लगभग 6 बजे वह ओखला इलाके के टी ब्लॉक पार्क के पास कुछ युवकों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद उन युवकों ने चाकू से उस पर ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। उसका मर्डर सरेआम कर दिया गया लेकिन कोई बीच बचाव करने की हिम्मत नहीं जुटा सका। तभी किसी राहगीर में पुलिस को कॉल करके सूचना दी कि एक युवक अचेत और खून से लथपथ हालत में पार्क के पास पड़ा है। तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और इस युवक को अपोलो अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में पुलिस ने वारदात की वजह शुभम का संतोष की प्रेमिका से मेलजोल बताया है। अभी तक की जाँच में पता चला है कि संतोष के किसी लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शुभम के भी उस लड़की से बातचीत होती रहती थी जिसको लेकर संतोष काफी नाराज़ चल रहा था। वीरवार को संतोष और उसके साथ सूरज ने शुभम को पार्क में बातचीत के लिए बुलाया, इसी बीच दोनों की कहासुनी हो गई। जिसके बाद उन युवकों ने चाकू से उस पर ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी।

### चोरी के ऑटो सहित दो वाहन चोर पकड़े

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-65 प्रभारी की टीम ने वाहन चोरी करने वाले दो आरोपियों को ऑटो सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में सैदुल शेख(22) और मिठू उर्फ आशिफ(27) का नाम शामिल है। आरोपी सैदुल शेख सुभाष चौक नंगला गाजीपुर व आरोपी मिठू उर्फ आशिफ बोस्टल जेल के पास फरीदाबाद का रहने वाला है। दोनों आरोपियो को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से नहर पुल बीपीटीपी के से ऑटो सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ऑटो को नीलम चौक के पास से बेचने के लिए चोरी किया था। दोनों आरोपी पहले भी थाना कोतवाली व सारन के चोरी के मुकदमें में जेल जा चुके है। दोनों आरोपियो को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### फरीदाबाद में घर से कैश-लाखों के आभूषण चोरी

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के गांव गौंछी से सटे जीवन नगर पार्ट- 2 में आज सुबह घर में घुसकर चोर लाखों की ज्वेलरी और घर में रखे लगभग 50 हजार रुपए चुरा ले गए। वारदात के समय घर के सदस्य अपने-अपने काम से गए थे। 10 मिनट में लौटे तो चोर अपने काम कर चुके थे। वारदात की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। गौरव ने बताया कि वह अपने भाई विवेक मनी, भाभी प्रियंका और अपने माता पिता के साथ चंदीला चौक के पास अपना मकान बना कर रह रहा है। उनके पिता घनश्याम मनी बीमारी के चलते ईएसआई अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हीं की देखरेख के लिए उनकी माता कुसुम भी 5 दिनों से अस्पताल में ही है। उसने बताया कि आज सुबह तैयार होकर वह अपने ऑफिस चले गए। उनकी भाभी प्रियंका और भाई विवेक मनी अपने बेटे अयांश मनी को चंदीला स्कूल में छोड़ने के लिए एक साथ निकले थे। उन्हें वहां से बच्चों को छोड़कर ईएसआई अस्पताल जाना था। बच्चे को छोड़कर जब वह लगभग 10 मिनट बाद घर लौटे तो देखा कि घर के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। अलमारी का ताला टूटा हुआ मिला। गौरव ने बताया कि अलमारी में रखे लगभग 50 हजार रुपए और लगभग 3:50 लाख रुपए के सोने के आभूषण गायब थे। इसकी सूचना पुलिस को दी। उन्हें शक है कि आसपास के ही रहने वाले किसी ने रेकी कर उनके घर में चोरी की है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस चौकी इंचार्ज श्याम वीर ने बताया कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। सीसीटीवी के आधार पर चोरों की तलाश की जाएगी।

# अदालत के आदेश के बाद भी नहीं मिली सुरक्षा, अर्धनग्न अवस्था में नामांकन करने पहुंचे थर्ड जेंडर प्रत्याशी

**सद्भावना टुडे, संवददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से थर्ड जेंडर के प्रत्याशी ट्रांसजेंडर राजन सिंह आज अपना नामांकन अर्धनग्न अवस्था में कर रहे है। वही इस दौरान उनके साथ उनकी सुरक्षा को देखते हुए दिल्ली पुलिस के जवान को लगाया गया है। प्रत्याशी राजन सिंह के समर्थक ढोल नगाड़ों के साथ अपने प्रत्याशी राजन सिंह का हौसला अफजाई करते नजर आए।

दक्षिणी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे ट्रांसजेंडर राजन सिंह का जो अर्धनग्न होकर अपना नामांकन करने के लिए साकेत डीएम ऑफिस पहुंच रहे है। इस दौरान प्रत्याशी राजन सिंह ने संगम विहार स्थित अपने आवाज से पूजा पाठ कर पैदल ही पदयात्रा पर निकले हैं और अपने समर्थकों के साथ ढोल नगाड़े के साथ लोगों से जन आशीर्वाद लेते हुए चल रहे हैं। इस




दौरान प्रत्याशी राजन सिंह ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की यह संविधान की खूबसूरती है कि भारत में हर नागरिक को चुनाव लड़ने का अधिकार है आज उन्हीं के बदौलत हम ट्रांसजेंडर भी लोकसभा का प्रत्याशी बनकर अपने हक और अपनी आवाज के लिए संसद भवन पहुंचेंगे। देश के आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी ट्रांसजेंडरों के लिए सरकार हमेशा भेदभाव करते नजर आई है जो अधिकार हमें मिलना चाहिए वह हमें नहीं मिल पाता यहां की सरकार हमें मुर्दा समझती है अगर इस लोकसभा चुनाव में हमें एक वोट भी मिलता है तो हम खुद को जिंदा समझेंगे। वही अर्धना अवस्था में नॉमिनेशन के लिए जाने के सवाल पर प्रत्याशी राजन सिंह ने बताया कि हम पर दो बार हमला हो चुका है जिसको लेकर हमने हाई कोर्ट में अर्जी दी थी कि हमें सुरक्षा दिल्ली पुलिस के द्वारा दी जाए इसके बाद हाई कोर्ट के द्वारा आदेश दिया गया है कि दिल्ली पुलिस हमें सुरक्षा दे इसके बावजूद जब हमने दम से संपर्क किया तो उन्होंने यह कह कर मन कर दिया कि हमारे पास पुलिस बल मौजूद नहीं है हमारे साथ यहां भी भेदभाव किया गया है वहीं अगर कोई बड़ा आदमी होता बड़ा उम्मीदवार होता तो उन्हें तुरंत दिल्ली पुलिस के द्वारा सुरक्षा मुहैया कराया जाता। इसी के विरोध में आज हम अर्धनग्न होकर अपना नॉमिनेशन करने के लिए साकेत डीएम ऑफिस पहुंच रहे है।

# कार दुर्घटना में एक की मौत, दूल्हा दुल्हन सहित सात घायल

**पलवल।** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बघौला गांव के निकट शादी के बाद रिसेप्शन के लिए फरीदाबाद जा रही एक कार को एक वाहन ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कार सवार दूल्हा के चाचा की मौत हो गई, जबकि दूल्हा दुल्हन सहित सात लोग घायल हो गए। घायलों को हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है।

जिला प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) के गांव मंडार निवासी अंकित यादव ने पुलिस को बताया कि वह परिवार सहित फरीदाबाद की राजीव कॉलोनी में रहते हैं। 26 अप्रैल को उसके ताऊ के लड़के विजय की शादी थी। विजय भी उसके साथ ही राजीव कॉलोनी में रहता है, लेकिन शादी पैतृक गांव मंडार में संपन्न हुई थी। शादी होने के बाद 7 मई को फरीदाबाद में रिसेप्शन पार्टी होनी थी। इस समारोह के लिए उसका पूरा परिवार प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) से ब्रेजा कार में सवार होकर फरीदाबाद आ रहा था। कार उसके चाचा देवीशंकर चला रहे थे। उन्होंने बताया कि कार में विजय, नवविवाहित पूनम, बहन निशा, चचेरा भाई शिवांश, विजय का दोस्त विशाल व उसकी बहन निशा के दो बच्चे सलोनी व श्रेया सवार थे। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बघौला गांव के पास उनकी कार को एक अज्ञात वाहन ने उनकी कार में टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल में लाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उसके चाचा देवीशंकर को मृत घोषित कर दिया। विजय, पूनम, निशा, विशाल, सलोनी व शिवांश की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

# 7.59 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा, अब तक 16 गिरफ्तार, चीन तक जुड़े हैं ठगी के तार

**शोएब आलम, संद्भावना टुडे**

**फरीदाबाद।** नगर में अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी के मामले में फरीदाबाद पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस साइबर ठगी के तार चीन से भी जुड़े हुए हैं। पुलिस ने इनके पास बड़ी संख्या में कई बैंकों की पासबुक व चेक बुक, सैकड़ों सिम कार्ड और 14 लाख रुपये की नकदी बरामद की है।

शुक्रवार को जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित आसपास के लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं और उनसे पैसे वसूल कर उन्हें डॉलर में कन्वर्ट कर चीन भेजते हैं। ऐसा करने के लिए इन्हें मोटा कमीशन मिलता है। दरअसल, बीते दिनों फरीदाबाद के सेक्टर 15 की रहने वाली एक लडक़ी ने साइबर पुलिस से शिकायत करी बताया था कि उसके साथ स्टॉक मार्केट से करीब 7 करोड़ 59 लख रुपये की ठगी हुई है। इसके बाद फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने पुलिस अधिकारियों की एक टीम गठित की। जिसका इंचार्ज साइबर एसीपी अभिमन्यु गोयत को बनाया। एसआईटी की टीम ने अब तक कार्रवाई करते हुए 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें प्रशान्त कुमार निवासी बैंगलोर कर्नाटक, सईद मो. जिशान गांव कुसुर कलां जिला सन्त कबीर नगर उत्तर प्रदेश, सईद सुहेल गांव नथर जिला सिदार्थ नगर उत्तर प्रदेश, हरि किशन कोटगेट बीकानेर राजस्थान, राम सिंह उर्फ ढल्लु मुक्ता प्रसाद नगर बीकानेर राजस्थान, आकाश निवासी टण्डन रोड आदर्श नगर दिल्ली, रोहित आदर्श नगर दिल्ली, महेन्द्र उर्फ रितेश भोपालगढ़ जोधपुर राजस्थान, दिनेश कुमार सारण नगर बनाङ जोधपुर, दिपेन्द्र रामपरस्ता ग्रीन सैक्टर 7 वैशाली गाजियाबाद, रिंकू बीकानेर राजस्थान, इंद्रजीत लोधी रोड बीकानेर राजस्थान, राहुल पुगल रोड बीकानेर और आरोपित दिनेश कुमार रानी बाजार बीकानेर शामिल हैं। साइबर पुलिस टीम ने सबसे राहुल को सूत्रों व तकनीकी सहायता से गिरफ्तार किया है।

# गाजियाबाद में सगे भाई ने संपत्ति विवाद में की भाई की हत्या, चाकू से किए ताबड़तोड़ वार

**अशोक कुमार, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. यहां के हिंडन विहार इलाके में संपत्ति विवाद में छोटे भाई ने ही बड़े भाई को मौत के घाट उतार दिया. घटना में आरोपी सुंदर ने अपने बड़े भाई हाजी मूसा पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किया. इस दौरान मौके पर हाजी मूसा के भाई एहसान ने पहुंच कर सुंदर से चाकू छीना, जिसके बाद सुंदर मौका देखकर भाग निकला.

मिली जानकारी के मुताबिक, सुंदर ने जब हाजी मूसा पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला किया तब वह भैंस का दूध निकाल रहे थे. आरोपी सुंदर ने मूसा के गले पर पीछे से चाकू रखा और जमीन पर गिरा दिया. इसके बाद पेट पर चाकू से कई बार किया. मूसा हिंडन विहार में दूध और भैंसो का व्यापार करते थे. सैदपुर में मूसा की पैतृक संपत्ति है, जिसे लेकर दोनों भाइयों के बीच में लंबे समय से विवाह चल रहा था. एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया कि हाजी मूसा को उनके सगे छोटे भाई सुंदर गुलजार द्वारा चाकू मारने की घटना संज्ञान में आई. घटना को तत्काल ही पीआरवी एवं स्थानीय पुलिस द्वारा अटेंड किया गया. दोनों के बीच संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था.



घटना के बाद हाजी मूसा को तत्काल अस्पताल में एडमिट कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. परिजनों से तहरीर प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है. वहीं आरोपी सुंदर को गिरफ्तार करने के लिए दो टीमों का गठन किया गया है. जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा.

# लोस चुनावः दिल्ली की सभी सातों सीटों से होगा भाजपा का सफाया-सहीराम पहलवान

## भाजपा ने डर की वजह से लोकसभा चुनावों से ठीक पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को को गलत तरीके से जेल में बंद किया है। जनता जेल का जवाब वोट से देने को तैयार है

**कुन्दन, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**दक्षिणी दिल्ली।** देशभर में गर्मी का तापमान बढ़ता जा रहा है ठीक वैसे ही सभी राजनैतिक दलों ने भी अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। दिल्ली की सभी सातों सीटों पर नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। बता दें कि भाजपा के सात में से छः प्रत्याशियों ने नामांकन कर दिया है। तो वहीँ, दक्षिणी दिल्ली संसदीय सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सहीराम पहलवान ने नामांकन किया है। बीते दिनों पुल प्रह्लादपुर में जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार दिल्ली की सभी लोकसभा सीटों से भाजपा का सूपड़ा साफ़ होगा।

उन्होंने कहा कि बीते दस वर्षों में भाजपा के किसी सांसद ने दिल्ली की जनता के लिए कोई विकास कार्य नहीं किया बल्कि दिल्ली सरकार के कामों को रोकने का काम किया। आप प्रत्याशी सहीराम पहलवान ने कहा कि भाजपा, आम आदमी पार्टी से डरती है, इसी डर की वजह से लोकसभा चुनावों से ठीक



पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को जेल में डाल दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा को शायद पता नहीं है कि आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता अरविन्द केजरीवाल है। उन्होंने सभा में मौजूद सैकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने दिल्ली की जनता सभी मूलभूत सुविधाओं के लिए बेहतरीन काम किया है। दिल्ली सरकार की योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को मिल रहा है जैसे महिलाओं के लिए बसों में मुफ्त यात्रा, मुफ्त पीने का पानी, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा और आने वाले कुछ दिनों में सभी 18 वर्ष से अधिक उम्र की बहनों और माताओं के लिए एक हज़ार रुपये हर माह दिए जायेंगे।

सहीराम पहलवान ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले चुनाव से पहले भाजपा ने दावा किया था कि जहाँ झुग्गी वहीँ मकान लेकिन ज़मीन पर ऐसा कुछ नहीं हुआ। इसका उदहारण है कि बदरपुर क्षेत्र से आज तक ओजोन नहीं हटाया गया। भाजपा के लोगों ने ओजोन हटाने के लिए कोई ठोस काम नहीं किया। पुल प्रह्लादपुर के लालकुआं गांव को वन विभाग से बाहर नहीं किया गया। आज भी इनपर तलवार लटकी हुई है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में इंडिया गठबंधन जीतेगा और जनता के मुद्दों को संसद में उठाया जायेगा और समस्याओं का निवारण किया जायेगा।

### फरीदाबाद से कांग्रेस उम्मीदवार ने किया नामांकन

**फरीदाबाद।** लोकसभा चुनाव के लिए फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार महेंद्र प्रताप ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन कराने के लिए महेन्द्र सिंह के साथ गए कांग्रेस के विधायकों को गेट पर रोक लेने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। शुक्रवार को लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप अपना नामांकन कराने के लिए पार्टी के विधायकों और समर्थकों के साथ सेक्टर-12 लघु सचिवालय पहुंचे। लघु सचिवालय के गेट पर तैनात पुलिस बल ने कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा, विधायक आफताब अहमद और पूर्व सिंचाई मंत्री हर्ष कुमार को गेट पर रोक दिया। इस पर कांग्रेस विधायकों और समर्थकों ने काफी हंगामा किया। कार्यालय गेट पर रोकने के बाद आक्रोशित विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि हार की आशंका से भाजपा पूरी तरीके से बौखला गई है। शासन-प्रशासन भी भाजपा के इशारों पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि वे सिटिंग विधायक हैं और उन्हें भी गेट पर रोक दिया गया है।

### वेयर टॉक एंड ऑयल कंपनी के कर्मचारी की काम करते करते समय करंट लगने से मौत

**पलवल।** वेयर टॉक एंड ऑयल कंपनी मितरोल में कार्य करते समय करंट लगने से एक मजदूर की मौत होने का मामला शुक्रवार को सामने आया है। मृतक के परिजनों ने कंपनी में कार्य करते समय जरूरी उपकरण न देने का आरोप लगाया है। मुंडकटी थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर कंपनी के मालिक, कंपनी के प्लांट हैड व एचआर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

मिली जानकारी के अनुसार संजय कॉलोनी सेक्टर-23 फरीदाबाद निवासी कुलदीप पांचाल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसके पिता संजय पांचाल मितरोल गांव स्थित वेयर टॉक एंड ऑयल कंपनी में काम करते थे। जो दो मई को भी काम करने के लिए घर से कंपनी गए थे। उसे सूचना मिली कि उसके पिता की उक्त कंपनी में वैल्डिंग करते हुए करंट लगने से मौत हो गई। पीड़ित बेटे का आरोप है कि उसके पिता को काम करते समय उचित उपकरण उपल्ब्ध नहीं दिए गए थे। जिस कारण उसके पिता की मौत हो गई। यदि उसके पिता को उचित उपकरण काम के दौरान दिए जाते तो मौत नहीं होती। कुलदीप ने आरोप लगाया कि उसके पिता संजय पांचाला की मौत के जिम्मेदार उक्त कंपनी के मालिक, कंपनी हैड, एचआर व कंपनी प्रशासन है। उसका कहना है कि उन्हें इसकी सूचना दो बजे दी गई, जबकि हादसा करीब साढ़े 12 बजे हुए था। कंपनी प्रशासन ने डेढ़ घंटे तक उन्हें इसकी सूचना जान बूझकर नहीं दी। शिकायत में कहा है कि यदि समय पर कंपनी प्रशासन सूचना व ईलाज के लिए ले जाया जाता तो जान बच सकती थी। आरोप है कि उसके पिता की मौत कंपनी के उक्त प्रशासनिक अधिकारियों की वजह से हुई है। मुंडकटी थाना प्रभारी सुंदरपाल ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि मृतक संजय पांचाल के बेटे कुलदीप पांचाल की शिकायत पर कंपनी मालिक, कंपनी के प्लांट हैड व एचआर के खिलाफ आईपीसी की धारा 304ए के तहत केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

# अवैध हथियार के साथ तीन शातिर लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शहजाद सैफ, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ईकोटेक पुलिस ने ऑटो की लूट करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने लूटा गया ऑटो अवैध हथियार और गांजा बरामद किया है. यह गिरोह पहले ऑटो बुक करता था और फिर सुनसान जगह ले जाकर चालक को मारपीट कर ऑटो लूट की घटना को अंजाम देता था। दरअसल, थाना ईकोटेक 3 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व सर्विलांस की मदद से ऑटो लूट की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों की पहचान जिला मैनपुरी निवासी सचिन यादव, जिला हरदोई निवासी यूनुस और गौतम बुद्ध नगर के जेवर निवासी कैलाश के रूप में हुई है. इकोटेक थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 अप्रैल की रात में आरोपियों ने सेक्टर 37 नोएडा से तुशियाना गांव के लिए ऑटो बुक किया गया था। आरोपी ऑटो को खैरपुर गुर्जर गांव के पास सुनसान जगह ले कर गए. जहां पर चालक को डरा कर ऑटो लूट



लिया गया और फरार हो गए. जिसके बाद पीड़ित ने घटना की शिकायत थाना इकोटेक में दी. पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए घटना का खुलासा करने के लिए दो टीमों का गठन किया. इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आम्रपाली मॉल के पास से तीनों शातिर चोरों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया एक ऑटो और दो अवेध तमंचे, दो जिंदा कारतूस और 1 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है. पुलिस इस गिरोह के सदस्यों के इतिहास को खंगाल रही है. गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

# निर्माण एजेंसियां एचएसपीसीबी के वेब पोर्टल वर्तमान/आगामी परियोजनाओं पर करें रजिस्टर : उपायुक्त विक्रम सिंह

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने धूलकण प्रदूषण के संबंध में निर्माण एजेसियों द्वारा स्वयं मूल्यांकन के लिए http://dustapph-spcb.com पर धूल प्रदूषण स्वयं मूल्यांकन, एचएसपीसीबी, कथित वेब पोर्टल के माध्यम से एक ऑनलाइन प्रणाली विकसित की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सभी परियोजना प्रस्तावकों, ठेकेदारों, बिल्डरों, व्यक्तियों या प्राधिकरण उपक्रमों के निर्माण व विखंडन गतिविधि के लिए बिना असफल हुए अनिवार्य पंजीकरण करने तथा स्वयं-मूल्यांकन पत्रक पाक्षिक प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया जाता है। इसके साथ ही विनिर्देश परियोजना प्रस्तावक को कुछ नियमों की अनुपालना करनी होगी।

जिसमे उन्हें सिविल संरचनाओं के निर्माण और विध्वंस की सभी वर्तमान/आगामी परियोजनाओं (500 वर्ग मीटर के बराबर या उससे अधिक के भूखंड क्षेत्र पर) को वेब पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना आवश्यक है। अनुपालन के लिए अनिवार्य/निर्देशित मापदंडों पर



अपनी गतिविधियों की स्व-निगरानी/स्व-ऑडिट करना और अनुपालन की स्थिति में सुधार के लिए, यदि आवश्यक हो, आवश्यक कदम उठाना है। इसके साथ ही परियोजना प्रस्तावक को वेब पोर्टल पर दिए गए मापदंडों पर धूल नियंत्रण उपायों के लिए स्व-लेखापरीक्षा/स्व-निर्धारण करना होगा और पाक्षिक आधार पर स्व-घोषणा अपलोड करनी होगी। परियोजनाओं की दूरस्थ कनेक्टिविटी के साथ वीडियो बाड़ लगाने का प्रावधान (एनसीआर के नगर निगम क्षेत्र और 500 वर्ग मीटर के बराबर या उससे अधिक के भूखंड क्षेत्र) पोर्टल का हिस्सा है। विश्वसनीय कम लागत वाले PM2.5 और PM10 सेंसर को परियोजना स्थल पर स्थापित किया जाना है और वेब पोर्टल पर लाइव डैशबोर्ड के साथ क्लाउड स्टोरेज प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाना है।

# भारत एवं कनाडा के रिश्ते खतरनाक मोड़ पर

**ललित गर्ग**



कनाडा में रविवार को वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालसा दिवस समारोह के दौरान खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाने के बाद भारत सरकार जो सख्ती दिखाई है, वह आवश्यक एवं समयोचित कदम है। इस घटना पर भारत का चिंतित होना एवं कनाडा को चेताया जाना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय में कनाडा के उप-उच्चायुक्त को तलब कर इस मामले में गहरी आपत्ति जताई गई है। कनाडा सरकार ने अपने राजनीतिक हितों के लिये अनेक बार भारत विरोधी घटनाओं में संदेहास्पद एवं विवादास्पद भूमिका का निर्वाह करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों की मर्यादाओं को धुंधलाया है। कनाडा की धरती से खालिस्तानी समर्थक अलगाववाद, कट्टरपंथ और हिंसा को बढ़ावा दिया जाता रहा है। इस तरह की घटनाओं से कनाडा में अपराध का माहौल बना हुआ है। इससे कनाडा के नागरिकों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। जिससे भारत में भी स्थितियां संकटपूर्ण बनी है। पिछले साल खुद ट्रूडो ने सार्वजनिक रूप से निज्जर हत्याकांड में भारत के शामिल होने का निराधार आरोप लगाया था। भारत के मांगने के बाद भी आज तक उनकी सरकार इस आरोप के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाई है। जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाकर दोनों देशों के बीच विवाद खड़ा कर दिया था। भारत ने आरोप को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद से कनाडा और भारत के संबंधों में खटास आ गई और दोनों देशों के रिश्ते सुधरने की बजाय खतरनाक मोड़ पर पहुंच गये हैं।

रविवार के खालसा दिवस समारोह में न केवल खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए बल्कि ऐसे बैनर प्रदर्शित किए गए, जिनमें भारत-विरोध के त्रासद एवं राष्ट्र-विरोध के भ्रामक, झूठे एवं बेबुनियाद आरोप थे। अफसोस और चिंता की बात यह रही कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने तो इन सब भारत-विरोधी घटनाओं को रोकने की या इन्हें गलत बताने की कोई कोशिश की। इस पूरे मामले में ट्रूडो का व्यवहार आपत्तिजनक बना, दो देशों के बीच खटास घोलने वाला एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का रहा। जिसे दोनों देशों के राजनयिक पैमाने पर उचित नहीं कहा जा सकता। इस तरह कनाडा अपने देश की राजनीतिक जरूरतों के चलते भारत के साथ अपने रिश्ते इस मोड़ पर ले आया हैं, जहां उनके बीच विश्वास, भरोसे, आपसी सहयोग और संवाद की कमी है, तो यह अकारण नहीं है। भले ही लगभग आठ लाख कनाडाई सिखों की वहां की राजनीति में सक्रिय भागीदार हैं। सिख समुदाय की जरूरतों एवं उनके शांतिपूर्ण जीवन के लिये कनाडा सरकार की प्रतिबद्धता में कोई आपत्ति नहीं हैं। सिख समुदाय के मौलिक अधिकारों व स्वतंत्रता की रक्षा करने के वायदे यदि वहां की सरकार करती है तो अच्छी बात है। भले ही कनाडा सरकार सिखों के सामुदायिक केंद्रों, गुरुद्वारा समेत पूजास्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने के साथ भारत एवं कनाडा के बीच उड़ानें और रूट बढ़ाने को लेकर भारत के साथ नए समझौते करें, लेकिन इन स्थितियों के बीच खालिस्तानी अलगाववाद को प्रोत्साहन देना भारत के लिये असहनीय है। भारत बार-बार इस बात को दोहरा रहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इस तरह अलगाववादी और अतिवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना न केवल दोनों देशों के रिश्तों के लिए बल्कि खुद कनाडा के लिए भी खतरनाक है। भारत जिस तरह से लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद को झेला है, कनाडा में इन तत्वों को प्रोत्साहन देकर कनाडा आतंकवादी गतिविधियों का केन्द्र बन सकता है, जो उसके लिए नुकसानदेह ही साबित होने वाला है। निश्चित ही कनाडा में खालिस्तानी आतंकी फल-फूल रहे हैं। खालिस्तानी न केवल भारतीय राजनयिकों को धमका रहे हैं बल्कि हिंदू मंदिरों को भी निशाना बना रहे हैं। कनाडा की धरती पर हर किस्म के खालिस्तानी चरमपंथी ही नहीं पल रहे हैं बल्कि वहां भारत से भागे गैंगस्टर और नशे के तस्कर भी शरण पा रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद में भारत ने कनाडा को जो खरी-खोटी सुनाई, वह इसलिए आवश्यक थी, क्योंकि वहां की ट्रूडो सरकार अपने भारत विरोधी रवैये से बाज नहीं आ रही है। वह जिस तरह खालिस्तानी अतिवादियों को संरक्षण दे रही है, उसकी मिसाल यदि कहीं और मिलती है तो वह पाकिस्तान में। कनाडा अपने भारत विरोधी रवैये के कारण पाकिस्तान सरीखा बनता जा रहा है। कनाडा अपने हितैषी एवं पडोसी देशों से दूरियां बना रहा है। खालिस्तान समर्थन एवं प्रोत्साहन के चलते कनाडा में फिलहाल कुछ भी ठीक नहीं चल रहा। अपने देश के साथ दुनियाभर में वह आलोचकों के निशाने पर हैं। कनाडा में खालिस्तान समर्थकों पर नियंत्रण रखने में कथित नाकामी के चलते ट्रुडो को अनेक अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते जी-20 बैठक में उन्हें भारत और सदस्य देशों का 'ठंडा' रिस्पांस मिला। भारत में खास अहमियत नहीं मिलने से खिसियाए ट्रुडो को कनाडा के मीडिया ने भी आड़े हाथ लिया है।

ट्रुडो सरकार पर भारत के साथ रिश्तों को नुकसान पहुंचाने और व्यापार वार्ता के बारे में अंधेरे में रखने के आरोप भी लगे हैं। घरेलू राजनीतिक हितों के लिए ट्रुडो भारत के साथ लड़ाई मोल लेकर अपने देश का भारी आर्थिक नुकसान कर रहे हैं। यह सर्वविदित है कि भारत अब दुनिया की एक आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। कनाडाई में उत्पादित वस्तुओं के निर्यात और व्यापार में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है और दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव का असर यहां की इकोनॉमी पर पड़ रहा है। भारत की नाराजगी बेवजह नहीं है, क्योंकि कनाडा भारत के विरोध में लगातार सक्रिय हैं, कनाडा ने ही किसानों के आंदोलन के समर्थन में अतिश्योक्तिपूर्ण सहयोग होने दिया। जबकि दोनों देशों के संबंधों में प्रगति के लिए एक-दूसरे के प्रति सम्मान का भाव और आपसी भरोसा रहना जरूरी है। खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर अमेरिका में भी सवाल उठे थे। लेकिन अमेरिका ने इस मसले पर सार्वजनिक बयानबाजी करने के बजाय भारत सरकार से सीधी बातचीत की। भारत ने भी अमेरिकी सरकार की ओर से मुहैया कराए गए सबूतों को गंभीरता से लिया। इस मामले में एक उच्चस्तरीय जांच शुरू हुई। अच्छी बात यह भी है कि इस मामले को दोनों देशों के संबंधों के खटास का माध्यम नहीं बनने दिया। जांच के निष्कर्षों को दोनों देशों ने स्वीकार किया एवं बेवजह का विवाद खड़ा नहीं होने दिया। कनाडा को भी अमेरिका से कुछ सीखना चाहिए एवं निज्जर हत्याकांड में भारत की अगर कोई भूमिका है तो उसके सबूत भारत सरकार को देने चाहिए। कोरे आरोप लगाकर आपसी संबंधों को बिगाड़ने से परहेज करना चाहिए। अपनी भूमि का उपयोग भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा पैदा करती गतिविधियों के लिये कत्तई नहीं करने देना चाहिए। बात कनाड़ा के साथ-साथ अन्य देशों पर भी लागू होती है जो अपने राजनीतिक हितों के लिये खालिस्तान समर्थक या अन्य भारत विरोधी आन्दोलनों को जगह देते हैं, लेकिन इन देशों ने भी समझा है और समझना ही होगा कि किसी देश के अन्दरूनी मामलों में दखलअंदाजी करना उनके लिये ही हानिकारक होने वाला है। भारत अब एक महाशक्ति है, कनाड़ा जैसे देशों की भारत-विरोधी गतिविधियों से भारत की सेहत पर कोई असर नहीं पडेगा।

> कोरोना से बचाने में कोविड वैक्सीन को काफी मददगार माना गया। मगर ब्रिटिश फार्मा कंपनी की एस्ट्राजेनेका ने एक मामले में कबूला कि उसकी वैक्सीन के दुर्लभ साइड इफेक्ट में हार्ट अटैक हो सकता है। भारत में बड़े पैमाने पर इसे कोविशील्ड के नाम से लगवाया गया है। मॉडर्न लाइफ स्टाइल में ज्यादातर लोग घंटों ऑफिस में एक जगह बैठकर काम करते हैं, जिसके कारण कई सारी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। जब आप काफी देर तक एक ही जगह बैठे रहते हैं तो शरीर में खून के थक्के जमने की समस्या बढ़ जाती है। शरीर में खून के थक्के जमना को 'वेन थ्रोम्बोसिस' की बीमारी कहते हैं। ब्लड क्लॉटिंग की बीमारी किसी भी व्यक्ति के शरीर में हो सकती है। काफी ज्यादा एक जगह बैठने के कारण यह बीमारी हो सकती है। हालांकि, यह बीमारी खतरनाक रूप तब ले लेती है जब ब्लड क्लॉट्स का एक हिस्सा टूट जाता है और फेफड़ों तक पहुंच जाता है। इसे पल्मोनरी एम्बोलिज्म कहते हैं। थ्रोम्बोसिस के कारण हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक और प्लेटलेट्स गिरने का खतरा बढ़ जाता है। दिल का दौरा (मायोकार्डियल इन्फ्रक्शन) बेहद खतरनाक स्थिति है, जिसमें दिल की एक या उससे अधिक धमनियों में ब्लॉकेज होने लगते हैं। इसके कारण हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। दिल में सही तरीके से ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाता है, जिसके कारण खून के थक्के जमने लगते हैं और बाद में हार्ट अटैक पड़ जाता है। ब्रेन स्ट्रोक की स्थिति में भी यही होता है कि ब्रेन में ब्लड ठीक तरीके से नहीं पहुंच पाता है। दिमाग में ऑक्सीजन की कमी के कारण ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

# शंकाओं के समाधान करने की पहल जरूरी

**डॉ. शशांक द्विवेदी**



कोविड वैक्सीन कोविशील्ड को लेकर देश-दुनिया में कई तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने माना है कि उनकी कोविड-19 वैक्सीन से साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। हालांकि, ऐसा बहुत दुर्लभ मामलों में ही होगा। एस्ट्राजेनेका का जो फॉर्मूला था उसी से भारत में सीरम इंस्टिट्यूट ने कोविशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई है। ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा दस्तावेजों में कंपनी ने माना है कि उसकी कोरोना वैक्सीन से कुछ मामलों में थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी टीटीएस हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है। अप्रैल, 2021 में जेमी स्कॉट नाम के शख्स ने यह वैक्सीन लगवाई थी। इसके बाद उनकी हालत खराब हो गई। शरीर में खून के थक्के बनने का सीधा असर उनके दिमाग पर पड़ा। इसके अलावा स्कॉट के ब्रेन में इंटर्नल ब्लीडिंग भी हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, डॉक्टरों ने उनकी पत्नी से कहा था कि वो स्कॉट को नहीं बचा पाएंगे। पिछले साल स्कॉट ने एस्ट्राजेनेका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मई, 2023 में स्कॉट के आरोपों के जवाब में कंपनी ने दावा किया था कि उनकी वैक्सीन से टीटीएस नहीं हो सकता है। हालांकि, इस साल फरवरी में हाईकोर्ट में जमा किए दस्तावेजों में कंपनी इस दावे से पलट गई। उल्लेखनीय है कि सुरक्षा संबंधित मामलों को देखते हुए यूके में अब ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन इस्तेमाल नहीं की जाती है। हालांकि, कई इंडिपेंडेट स्टडीज में इस वैक्सीन को महामारी से निपटने में बेहद कारगर बताया गया। वहीं, साइड इफेक्ट्स के मामलों की वजह से इस वैक्सीन के खिलाफ जांच शुरू की गई और कानूनी कार्रवाई हुई। कोरोना से बचाने में कोविड वैक्सीन को काफी मददगार माना गया। मगर ब्रिटिश फार्मा कंपनी की एस्ट्राजेनेका ने एक मामले में कबूला कि उसकी वैक्सीन के दुर्लभ साइड इफेक्ट में हार्ट अटैक हो सकता है। भारत में बड़े पैमाने पर इसे कोविशील्ड के नाम से लगवाया गया है।

मॉडर्न लाइफ स्टाइल में ज्यादातर लोग घंटों ऑफिस में एक जगह बैठकर काम करते हैं, जिसके कारण कई सारी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। जब आप काफी देर तक एक ही जगह बैठे रहते हैं तो शरीर में खून के थक्के जमने की समस्या बढ़ जाती है। शरीर में खून के थक्के जमना को 'वेन थ्रोम्बोसिस' की बीमारी कहते हैं। ब्लड क्लॉटिंग की बीमारी किसी भी व्यक्ति के शरीर में हो सकती है। काफी ज्यादा एक जगह बैठने के कारण यह बीमारी हो सकती है। हालांकि, यह बीमारी खतरनाक रूप तब ले लेती है जब ब्लड क्लॉट्स का एक हिस्सा टूट जाता है और फेफड़ों तक पहुंच जाता है। इसे पल्मोनरी एम्बोलिज्म कहते हैं। थ्रोम्बोसिस के कारण हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक और प्लेटलेट्स गिरने का खतरा बढ़ जाता है। दिल का दौरा (मायोकार्डियल इन्फ्रक्शन) बेहद खतरनाक स्थिति है, जिसमें दिल की एक या उससे अधिक धमनियों में ब्लॉकेज होने लगते हैं। इसके कारण हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। दिल में सही तरीके से ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाता है, जिसके कारण खून के थक्के जमने लगते हैं और बाद में हार्ट अटैक पड़ जाता है। ब्रेन स्ट्रोक की स्थिति में भी यही होता है कि ब्रेन में ब्लड ठीक तरीके से नहीं पहुंच पाता है। दिमाग में ऑक्सीजन की कमी के कारण ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। खास बात यह है कि इस वैक्सीन का इस्तेमाल अब ब्रिटेन में नहीं हो रहा है। टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, बाजार में आने के कुछ महीनों बाद वैज्ञानिकों ने इस वैक्सीन के खतरे को भांप लिया था। सुझाव दिया गया था कि 40 साल से कम उम्र के लोगों को दूसरी किसी वैक्सीन का भी डोज दिया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन से होने वाले नुकसान कोरोना के खतरे से ज्यादा थे। मेडिसिन हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी (एमएचआरए) के मुताबिक ब्रिटेन में 81 मामले ऐसे हैं, जिनमें इस बात की आशंका है कि वैक्सीन की वजह से खून के थक्के जमने से लोगों की मौत हो गई। एमएचआरए के मुताबिक, साइड इफेक्ट से जूझने वाले हर 5 में से एक व्यक्ति की मौत हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रीडम ऑफ इन्फॉर्मेशन के जरिए हासिल किए गए आंकड़ों के मुताबिक ब्रिटेन में फरवरी में 163 लोगों को सरकार ने मुआवजा दिया था। इनमें से 158 ऐसे थे, जिन्होंने एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन लगवाई थी। दूसरा पहलू यह है कि कोरोना के समय में इसी वैक्सीन ने लाखों लोगों की जान भी बचाई थी। कई स्टडीज में यह साबित हुआ है कि कोरोना महामारी के दौरान एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन आने के बाद पहले साल में ही इससे करीब 60 लाख लोगों की जान बची है। वर्ल्ड हेल्थ ने भी कहा था कि 18 साल या उससे ज्यादा की उम्र वाले लोगों के लिए यह वैक्सीन सुरक्षित और असरदार है। इसकी लॉन्चिंग के वक्त ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इसे ब्रिटिश साइंस के लिए एक बड़ी जीत बताया था। भारत में इसी फॉर्मूले से बनी कोविशील्ड के 175 करोड़ डोज लगे। फ़िलहाल कोविशील्ड की यह खबर आने के बाद लोगों की चिंता बढ़ गयी है। कुल मिलाकर इस संवेदनशील मामले में स्वास्थ्य मंत्रालय को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

## विचार

# छात्र आंदोलन और अमेरिकी सख्ती पर सवाल

**पुष्परंजन**

अमेरिका में चुनाव तक गज़ा का सवाल विश्वविद्यालयों में गूंजता रहेगा। इसकी गूंज फ्रांस के शिक्षा केंद्रों में भी होने लगी है। क्या भारत में इसका 'वायरस' फैलने वाला है? यह सवाल देश के कई कैंपसों से मिलना बाक़ी है। पिछले हफ्ते पेरिस के एक शीर्ष विश्वविद्यालय 'साइंसेज-पो' में अमेरिका की देखादेखी फलस्तीनी समर्थक प्रदर्शन शुरू हुआ। इमैनुएल मैक्रों इस प्रदर्शन से इतने नाराज़ हुए कि 'साइंसेज-पो' की फंडिंग ही निलंबित कर दी। 'साइंसेज-पो' में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनके प्रधानमंत्री गाब्रिएल अट्टल पढ़ाई कर चुके हैं। लेकिन ऐसा फैसला लेते समय मैक्रों ने इसका लिहाज़ नहीं किया। गज़ा में जारी युद्ध, फ्रांस के लिए संवेदनशील मुद्दा है। फ्रांस पश्चिमी यूरोप के यहूदियों और प्रवासी मुसलमानों के लिए घर जैसा है, इसलिए दोनों तरफ़ से टकराव की स्थिति बनी रहती है। फ्रांस के धुर वामपंथी एलएफआई (ला फ्रांस इंसोमाइज) के सांसदों ने छात्रों द्वारा विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया है। मई दिवस के दिन ज्यों लुक मेलेन्कोल ने रूढ़िवादियों और मैक्रों सरकार के अवसरवादी व्यवहार की आलोचना की है। फ्रांसीसी प्रधानमंत्री गाब्रिएल अट्टल ने कहा कि बहस की गुंजाइश हमेशा रहती है, लेकिन 'साइंसेज-पो' के शैक्षिक माहौल को अवरुद्ध करने वाले अल्पसंख्यक छात्र, बहुसंख्यकों पर अपने विचार थोप रहे थे। ऐसी विचारधारा को हम 'अटलांटिक पार से आयातित' कह सकते हैं। लेकिन इस समय ज़ेरे बहस जो बाइडेन हैं, जिनके चुनाव के समय अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जोरदार प्रदर्शन हो रहे हैं। 1 मई तक अमेरिका के 30 से अधिक कैंपसों में हुए प्रदर्शनों में 1400 से अधिक प्रदर्शनकारी गिरफ्तार किये गये हैं। गज़ा में नरसंहार रोकने के सवाल पर लगातार हुए प्रदर्शन को रोकने के वास्ते, और यहूदी विरोधी भावना से निपटने के लिए अमेरिकी कांग्रेस में बुधवार को एक विधेयक पास हुआ।

इसके पक्ष में 320 सांसद थे, और विरोध में 91. इक्कीस रिपब्लिकन और 70 डेमोक्रेट्स ने इसके खिलाफ मतदान किया था। बहुसंख्यक अमेरिकी जनता युद्धविराम के पक्ष में है, बावजूद इसके जो बाइडेन की ज़िद कहिए कि अमेरिका इस्राइल का समर्थन कर रहा है। इस समय न्यूयार्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय में तनाव की स्थिति है। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में इस्राइल के राजदूत गिलाद एर्दान ने छात्र प्रदर्शनकारियों की निंदा की। गिलाद एर्दान ने कहा, 'हम हमेशा से जानते थे कि हमास स्कूलों में छिपा हैज हमें यह अहसास ही नहीं हुआ कि यह सिर्फ गाजा के स्कूलों में नहीं है, बल्कि अमेरिका में हार्वर्ड, कोलंबिया जैसे कुलीन विश्वविद्यालय भी इनके केंद्र हैं। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन का मानना है कि छात्रों द्वारा एक शैक्षणिक भवन पर कब्जा करना बिल्कुल गलत है। इसे शांतिपूर्ण विरोध हम कतई नहीं कह सकते। डेमोक्रेट जमाल बोमन, जो कोलंबिया विश्वविद्यालय के पास न्यूयॉर्क जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने इसे रोकने का आह्वान किया। बोमन ने एक बयान में कहा, 'कॉलेज परिसरों का सैन्यीकरण, पुलिस की व्यापक उपस्थिति और सैकड़ों छात्रों की गिरफ्तारी, हमारे लोकतंत्र की बुनियाद के बरअकस है। विरोध प्रदर्शनों से निपटने के तरीके को लेकर कोलंबिया की अध्यक्ष मिनोचे शफीक ने हिंसा की निंदा की और कहा कि कैंपस में शैक्षणिक स्वतंत्रता सुनिश्चित होनी चाहिए। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में जब टैंट गाड़कर प्रदर्शनकारी अड़ गये, और पुलिस ने उसे ख़ाली कराने के लिए जिस तरह से बल प्रयोग किया, उसे कोई भी अमन पसंद व्यक्ति सराह नहीं सकता। अमेरिका में प्रदर्शनकारियों को दोनों हाथों को पीछे कर हथकड़ी लगाकर ले जाने वाले विज़ुअल्स पूरी दुनिया देख रही है। वह किसी भी लोकतंत्रकामी को रास नहीं आ सकता। वही अमेरिका भारत को लोकतंत्र की नसीहत देता है। अफ़सोस, अमेरिका की बर्बर और बेहिस पुलिस पर सवाल करने की मनाही है। वर्ष 2005 में पेंटागन से वाशिंगटन डीसी के बाल्टीमोर तक मेट्रो के सफ़र को भूला नहीं हूं, जब बर्गर खा रहे एक स्कूली छात्र को पुलिस हथकड़ी लगाकर ले गई। अमेरिका में छोटी-छोटी बातों पर पुलिस द्वारा पिस्तौल तान देना, पटककर पीछे से हथकड़ी लगा देना सामान्य-सी बात है। भारत में जघन्य आपराधिक मामलों वाले अभियुक्त को ही हथकड़ी लगाने का कोर्ट आदेश मिलता है। 80 के दशक में साधारण अपराध मामले में हथकड़ी पर रोक लगा दी गई थी। उमर ख़ालिद को हथकड़ी लगाने के आवेदन को रद्द करते हुए दिल्ली की अदालत ने टिप्पणी की थी कि उमर कोई गैंगस्टर नहीं है। तो क्या लोकतंत्र का चौधरी बने अमेरिका को भारत से नसीहत लेने की ज़रूरत है? गज़ा के दमन चक्र के सवाल पर अमेरिकी कैंपस कुछ हफ्तों से छिटपुट प्रदर्शनों की चपेट में थे।

## एक नजर

### मतदान केंद्र पर मतदाताओं की सुविधा के लिये सभी तैयारी पूर्ण

**सहरसा,एजेंसी।** लोकसभा आम निर्वाचन- 2024 के अवसर पर सहरसा जिला के कुल 1390 मतदान केन्द्र एवं 1 सहायक मतदान केन्द्र में से 1 मतदान केन्द्र को युवा मतदान केन्द्र एवं 4-4 मतदान केन्द्र को महिला (पिंक ),PWD तथा आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में चिन्हित किया गया है। 13- मधेपुरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 74-सोनबरसा विधानसभा क्षेत्र में 124- उर्दू मध्य विद्यालय , सोनवर्षा को पिंक मतदान केंद्र 129- कन्या मध्य विद्यालय, सोनवर्षा, पश्चिमी भाग को पीडब्ल्यूडी मतदान केंद्र, 127- मध्य विद्यालय, सोनवर्षा हिंदी मध्य भाग को आदर्श मतदान केंद्र एवं 125- मध्य विद्यालय सोनवर्षा हिंदी पूर्वी भाग को युवा मतदान केंद्र बनाया गया है। 75- सहरसा विधानसभा क्षेत्र के 136-जिला परिषद सभा भवन, सहरसा पश्चिमी भाग को पिंक मतदान केंद्र,177- जिला परिषद कार्यालय, सहरसा उत्तरी भाग को पीडब्ल्यूडी मतदान केंद्र एवं 171-नगर परिषद कार्यालय, सहरसा टाउन हॉल पश्चिमी भाग को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है । 77-महिषी विधानसभा क्षेत्र के 219-मध्य विद्यालय हकपारा, उत्तर भाग को पिंक मतदान केंद्र, 218- प्राथमिक विद्यालय, सपटियाही पूर्वी भाग को पीडब्ल्यूडी मतदान केंद्र एवं 216-आर0बी0 कन्या मध्य विद्यालय, सुखासन पश्चिमी भाग को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है 25-खगड़िया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 76-सिमरी बख्तियारपुर के 216-हरिवंश मध्य विद्यालय सिमरी बख्तियारपुर को पिंक मतदान केंद्र 167-उर्दू मध्य विद्यालय, चकमका उत्तरी भाग को पीडब्ल्यूडी मतदान केंद्र एवं 324-मध्य विद्यालय सलखुआ, उत्तरी भाग को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है।उपरोक्त सभी चिन्हित मतदान केंद्रों पर पंडाल, शमियाना, कारपेट, प्रतीक्षा गृह, हेल्प डैक्स, शीतल पेयजल, साईनेज (संकेतक), मेडिकल टीम, बाल विनोदनालय, पंखा, स्वयंसेवक, बैलून, व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। महिला (पिंक) मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मी सुरक्षा बल एवं पुलिस पदाधिकारी महिला कर्मी होगी। PWD मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदान कर्मी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इन मतदान केदो पर रैंप एवं आवश्यक संख्या में व्हीलचेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।दृष्टिबाधित मतदाताओं के लिए ईवीएम मशीन हेतु ब्रेल लिपि मार्गदर्शी उपलब्ध रहेगी। जिला में एक मतदान केंद्र को युवा मतदान केंद्र हेतु निर्धारित किया गया है, जिस पर कार्मिक डाटाबेस में उपलब्ध सबसे युवा कर्मियों की प्रति नियुक्ति की जाएगी ताकि मतदाताओं हेतु यह प्रेरणा स्रोत का कार्य कर सके।

### वाहन चेकिंग अभियान में डेढ़ लाख से ज्यादा की राशि जब्त



**सहरसा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन हेतु जिला अंतर्गत चारों विधानसभा में विभिन्न चेक पोस्ट पर कार्यरत सटैटिक टीम द्वारा 24 घंटे सघन जांच किया जा रहा है।वही उड़न दस्ता दल के द्वारा सभी संदिग्ध स्थलों पर सूचना मिलते ही जाकर जब्ती की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सिमरी बख्तियारपउर के गोरा पुल के पास विशेष वाहन चेकिंग अभियान के द्वारा सुरेंद्र कुमार शाह पिता अशोक शाह जिला मधुबनी के पास कुल एक लाख 59 हजार सात सौ रुपए पाया गया। जब्त राशि के विरुद्ध कोई भी प्रमाणिक प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में स्टैटिक जांच दल के द्वारा उड़दस्ता दल के माध्यम से संबंधित थाना प्रभारी के द्वारा राशि की जब्ती की कार्यवाही की गई। व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि एफ एसटी दल के दंडाधिकारी शुभम वर्मा द्वारा राशि की जब्ती कर सिमरीबख्तियारपुर थाना में जमा करवाई गई। इसी के साथ आगामी दिनों में पूरे जिले को हाई एलर्ट पर रखा गया है। किसी भी परिस्थिति में मतदान को अप्रभावित रखा जाएगा।वही निष्पक्ष एवं सफल मतदान सुनिश्चित किया जाएगा।

### टीके को लगवाए बिना आप नहीं जा पाएंगे हज यात्रा परः सिविल सर्जन



**किशनगंज।** जिले के सिविल सर्जन डॉ राजेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य नियामक निकायों ने हज यात्रियों को दो टीके लगवाने की सिफारिश की है। हज पर जाने वाले जिले के सभी हज यात्रियों के लिए गुरुवार और शुक्रवार को पोलियो, मेनिनजाइटिस व इन्फ्लुएंजा का टीका लगाया गया। सदर अस्पताल प्रांगण में शिविर लगाकर दो दिनों में कुल 247 यात्रियों को टीका लगाया गया। यह शिविर स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया गया। उन्होंने बताया की टीकाकरण का अर्थ है कि यात्री को रोग पैदा होने की संभावना को कम किया जा सकता है। इससे न केवल वे खुद सुरक्षित रहेंगे, बल्कि वे अपने परिवार और समुदाय को भी संक्रमण से बचा सकते हैं। दूसरा लाभ है कि टीकाकरण हज यात्रा को सुगम बना सकता है। उन्होंने कहा कि टीके लगवाने वाले यात्री अन्य यात्रियों के साथ मिलनसार हो सकते हैं, जिन्हें खतरा हो सकता है। इससे समूह के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित होती है और हज यात्रा का समृद्ध अनुभव बनता है। सही जानकारी और समर्थन से, यात्री अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रख सकते हैं, जिससे वे हज यात्रा का आनंद ले सकते हैं और समृद्धि से पूरा कर सकते हैं।

# जिला निर्वाचन पदधिकारी ने चुनाव तैयारी की समीक्षा बैठक की

**सहरसा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी बैभव चौधरी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को लोकसभा आम निर्वाचन तैयारियों की विस्तृत समीक्षा कर यथोचित दिशा निर्देश दिए। बैठक में निर्वाचन प्रयोजनार्थ आकलन के अनुसार वाहन उपलब्धता की अधतन स्थिति, डिस्पैच सेन्टर पर की गयी तैयारी, प्रखंडवार मतदाता पर्ची वितरण एवं ए0एस0डी0 सूची प्राप्ति की अद्यतन स्थिति, मतदान दिवस के अवसर पर अधिकाधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रखंड स्तर पर मतदाता जागरूकता हेतु किये जा रहे कार्यक्रमों आदि के संदर्भ में समीक्षा की गयी।




लोकसभा आम निर्वाचन निमित आकलन के अनुसार वाहन उपलब्धता की प्रखंडवार समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम कुछ प्रखंडों में वाहन अधिग्रहन/जब्ती कार्य अपेक्षाकृत धीमा पाया गया है। तदनुसार ऐसे प्रखंडों को उक्त वर्णित कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभर कर सामने आया कि अधिकांश सेक्टर पदाधिकारियों को वाहन उपलब्ध करा दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सेक्टर पदाधिकारी संबंधित भौगोलिक क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओं को जिला अन्तर्गत तृतीय चरण में आगामी 07 मई को होने वाले मतदान के अवसर पर मताधिकार के उपयोग हेतु प्रेरित करेंगें। उन्हें मतदान केन्द्रों पर मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं एवं जिला प्रशासन द्वारा निष्पक्ष/निर्विघ्न मतदान संपन्न कराने हेतु निरन्तर की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी देंगें ताकि अधिकाधिक मतदाता निर्भिक होकर मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकें। मतदाता पर्ची वितरण की अद्यतन स्थिति समीक्षा के क्रम में संबंधित प्रखंडो द्वारा अवगत कराया गया कि वितरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अतः संबंधित प्रखंडो को ए0एस0डी0 सूची अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

मतदान दिवस के अवसर पर अधिकाधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्वीप कोषांग एवं अन्य विभागों के सहयोग एवं समन्वय से नियमित रूप से मतदाता जारूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजन क्रम में क्षेत्र भ्रमण कर वार्तालाप के माध्यम से आम मतदाताओं को मताधिकार उपयोग हेतु प्रेरित किया जाय, उन्हें मतदान केन्द्रों पर मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी जाय, ताकि मतदान दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सकें। उन्होने बैठक में उपस्थित डी0पी0एम0, जीविका को निर्देश दिया कि वे जीविका दीदी के माध्यम से पोषक क्षेत्रों में प्रभावशाली मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कराना सुनिश्चित करेगें। मतदान के दिन जीविका दीदी अतिरिक्त गर्मी के उपस्थित थे।

# विद्यालय शिक्षा समिति संवाद का आयोजन

**भागलपुर।** जिले के गोराडीह प्रखंड के कासिमपुर में शुक्रवार को विद्यालय शिक्षा समिति संवाद का आयोजन परिधि द्वारा टी डी एच के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय शिक्षा समिति की माता सदस्यों, शिक्षक प्रतिनिधि और बाल संसद सदस्य के अतिरिक्त स्थानीय परिधि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत उदय लिखित गीत हो बहना करो शिक्षा समिति मजबूत जिसका गायन जय नारायण ने किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जय नारायण ने कहा कि परिधि आसपास के दलित बस्तियों में रिमेडियल सेंटर चला रहा है। जिससे बाल विवाह और बाल श्रम रुके साथ ड्रॉप आउट घटे तथा विद्यालय सशक्त हो। विषय प्रवेश करते हुए परिधि के निदेशक उदय ने कहा कि गांव में सरकार को स्कूल, आंगनबाड़ी, पीएचसी और पंचायती राज व्यवस्था के रूप में देखते हैं। अगर महीने में एक बार वीएसएस की मीटिंग नहीं होती है, वीएसएस सदस्यों से स्कूल संचालन में मदद नहीं ली जाती ,है फरवरी माह के अंत में विद्यालय शिक्षा समिति अपना बजट नहीं बनाती है तो सरकार असफल है। ग्राम पंचायत की बैठकें केवल कागज पर होती है तो मतलब सरकार असफल है। वीएसएस की अवधारणा के मूल में पैसा सरकार का संचालन समाज का है। अगर हम नियमानुकूल वीएसएस का गठन और संचालन नहीं करेंगे आरटीई के अनुरूप नहीं चलेंगे तो धीरे धीरे सरकारी स्कूल खत्म हो जाएंगे। जिससे गरीब गुरुओं के पढ़ने का अवसर छीन जायेगा। शिक्षक रविंद्र कुमार ने विद्यार्थियों की उपस्थिति को शत प्रतिशत पहुंचाने में समाज की भूमिका का जिक्र किया। शिक्षक सरबर आलम ने विद्यालय के समय कोचिंग चलने की समस्या का जिक्र किया। मो फिरोज ने 20 मई को बड़ी बैठक कर सभी समस्याओं के निराकरण की बात की। बैठक में रामचरित्र यादव, अरविंद कुमार सिंह, मंजीत कुमार और मनोज कुमार ने भी अपने सुझाव दिए।

## लोक लुभावन वादों के साथ जनता को रिझाने की तेजस्वी प्रसाद की कोशिश

**अररिया।** विश्व प्रसिद्ध साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु की धरती अररिया के सिमराहा मध्य विद्यालय मैदान में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद ने राजद उम्मीदवार शाहनवाज आलम के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर प्रहार किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश में दस साल से और बिहार में पंद्रह सालों से भाजपा की सरकार है।लेकिन वे मुद्दे की बात नहीं करते हैं। जबकि वह सिमराहा की धरती पर मुद्दे की बात करने आए हैं। आज देश का दुश्मन बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी है। जिससे जनता जूझ रही है। उन्होंने कहा कि 17 महीने के कार्यकाल में उन्होंने लाखों नौकरियां दी। विकास मित्र, टोला सेवक, तालिमी मरकज,और शिक्षामित्र के मानदेय को दुगना करने का काम किया। जाति आधारित जनगणना के साथ-साथ आईटी पॉलिसी, स्पोर्ट्स पॉलिसी और टूरिज्म पॉलिसी डेवलप करने का काम किया। निवेशकों को बुलाकर बिहार में निवेश करवा रहे थे। और जब हम लोग यह काम कर रहे थे और नौकरी दे रहे थे तो भाजपा वालों ने उनके चाचाजी को हाईजैक कर लिया। लेकिन वह उनकी इज्जत करते हैं। चाचाजी बुजुर्ग और अभिभावक हैं।

# कोसी के दियारा क्षेत्र फरकिया में तेजस्वी यादव एवं मुकेश सहनी ने चुनावी सभा की

**सहरसा,एजेंसी।** जिले के सलखुआ प्रखंड के पूर्वी कोसी तटबंध अंदर दियारा क्षेत्र फरकिया के कोसी उच्च विद्यालय कबीरा धाप में शुक्रवार को आयोजित चुनावी सभा को बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्व मंत्री सह सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी ने महागठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। पूर्व डिप्टी सीएम ने चुनावी सभा को संबोधित कर कहा कि इंडिया की सरकार बनी तो देश के एक करोड़ लोगों को नौकरी व रक्षाबंधन के अवसर पर सभी गरीब बहनों को प्रति वर्ष एक-एक लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। 500 में रसोई गैस सिलेंडर, दो सो यूनिट बिजली फ्री में मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने 17 महीने में पांच लाख नौकरी दिया है।खगड़िया लोकसभा के सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र के सलखुआ तटबंध के भीतर दियारा क्षेत्र के लोगों आवागमन सुविधा हेतु डेंगराही कोसी नदी घाट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मांग को पूरा किया हूं। डेंगराही कोसी नदी घाट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य भी चल रहा है। पुल निर्माण होने से सहरसा-खगड़िया जिले की दुरी कम होने के साथ-साथ कोसी दियारा क्षेत्र का विकास होगा। खगड़िया लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित



(सीपीएम) उम्मीदवार संजय कुमार कुशवाहा के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा।

तेजस्वी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने जो वादा किया वो पूरा नहीं किया। वहीं वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा बिहार के युवा प्रत्येक वर्ष नौकरी की तलाश में अन्य प्रदेश पलायन कर रहे हैं, और गुजरात वाले खाली झुठे वादे पर वादे किए जा रहे है। कोसी उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने का चुनाव है। हम नई सोच एवं नया बिहार बनाना चाहते हैं।उन्होंने एक एक वोट इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार संजय कुमार कुशवाहा को देने का अपील की। वीआईपी सुप्रीमो सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी ने कहा कि यह चुनाव हक और अधिकार की लड़ाई है।मौके पर सिमरी बख्तियारपुर विधायक युसूफ सलाउद्दीन, वीआईपी नेता मिथलेश विजय सहित कई नेता मौजूद थे।

# पौआखाली के नानकार गांव में मृतकों के आश्रित को मिला अनुग्रह अनुदान की राशि




**किशनगंज।** जिले के पौआखाली के ननकार गांव में गैस सिलेंडर से हुए हादसे में जिलाधिकारी तुषार सिंगल के निर्देश पर शुक्रवार को आपदा विभाग अंतर्गत अनुग्रह अनुदान की राशि चेक के माध्यम से मृतकों के आश्रित को प्रदान किया गया। उक्त हादसे में मृतक साबिया, पति मो अनसार और उनके तीन बच्चे अनीसा, अनीस रजा एवं आरोसी के लिए कुल 16 लाख रुपए अर्थात 4 लाख रुपये प्रति मृतक अनुग्रह अनुदान की राशि दी गई। डीएम तुषार सिंगला के निर्देशानुसार मृतकों के आश्रित मो0 अनसार को यह चेक अंचलाधिकारी ठाकुरगंज सुचिता कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ठाकुरगंज सुमित कुमार तथा थाना प्रभारी ने हस्तांतरित किया।

उल्लेखनीय है की मृतकों के अंतिम संस्कार हेतु मृतकों के परिजनों को तीन तीन हजार रुपये, अर्थात कुल 12 हजार रुपये नकद कबीर अन्त्योष्टि अनुदान योजना अंतर्गत भी उपलब्ध कराया गया था। इससे पूर्व जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया था और अपने अधिकारियों को जल्द से जल्द पात्रता अनुरूप सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। उन्होंने घरेलू गैस सिलेंडर के सुरक्षित इस्तेमाल के तरीकों के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया था जिसके फलस्वरूप गैस एजेंसियों द्वारा जिले में घरेलू गैस सिलेंडर के सुरक्षित प्रयोग हेतु डेमो दिया जा रहा है।

## रक्सौल में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन, सतर्कता बरतने का निर्देश

**पूर्वी चंपारण।** जिले के रक्सौल अनुमंडल पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को मासिक अपराध गोष्ठी आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी धीरेंद्र कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए डीएसपी श्री कुमार ने थानाध्यक्षों को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। साथ ही अनुमंडल के अलग-अलग थाना में दर्ज कांड की समीक्षा की, लंबित कांडों के समय से निष्पादन के साथ-साथ अलग-अलग मामले में फरार चल रहे अभियुक्तों, कोर्ट वारंटियों की गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया।

उन्होंने नेपाल की सीमा से लगे सीमावर्ती थाना के थानाध्यक्षों को सीमा पर अवैध गतिविधि पर नजर रखने व शराब तस्करी पर लगाम लगाने के लिए अपराध सूचना को मजबूत बनाने को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिया। बैंको में लगे सीसीटीवी कैमरे की नियमित जांच करने, संदिग्धों पर नजर रखने तथा नियमित



वाहन जांच करने का निर्देश दिया। बिना किसी काम के रात में मोटर साईकिल से घूमने वालों पर जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिए। मौके पर रक्सौल इंस्पेक्टर राजीव नंदन सिन्हा, छौड़ादानों संजीव कुमार, सुगौली अनिल सिन्हा, हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार सिंह, छौड़ादानों थानाध्यक्ष सरिता कुमारी, दरपा उमाशंकर माझी, महूअवा सोनी कुमारी, आदापुर धनंजय शर्मा, हरपुर विश्वजीत कुमार, नकरदेई रामशरण कुमार,रामगढ़वा एस एन पांडे, पलनवा रमेश महतो,भेलाही नितिन कुमार सहित अनुमंडल के सभी थानाध्यक्ष मौजूद थे।

# अतुल कुमार अंजान के निधन पर शोक सभा आयोजित

**भागलपुर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान के निधन पर शुक्रवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शहर समिति भागलपुर द्वारा नागेश्वर भवन भीखनपुर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय हो कि आज लखनऊ में उनका निधन हो गया। वह पिछले करीब 2 महीने से बीमार चल रहे थे। शोक सभा में सबसे पहले पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने अपने दिवंगत नेता के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। शोक सभा में विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अतुल कुमार अंजान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव थे। उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के सदस्य के रूप में हुआ। फिर इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गये। वह इस पद पर चार बार निर्वाचित हुए। वर्ष 1978 में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये। वह प्रखर वक्ता थे। वह किसान आंदोलन से जीवन भर जुड़े रहे। यूपीए सरकार द्वारा गठित स्वामीनाथन कमीशन के सदस्य भी रहे।



स्वामीनाथन कमीशन के सदस्य रहते हुए उन्होंने किसानों के हित के लिए कई अनुशंसाएं भी की। अतुल कुमार अंजान का भागलपुर से जीवंत लगाव रहा है। वह भागलपुर प्रमंडल के बांका शहर व जिला के निवासी थे और इस रूप में पार्टी के कार्य के लिए भागलपुर उनका आना-जाना बराबर लगा रहता था। उनके निधन से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को गहरा नुकसान हुआ है। सभा को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बिहार राज्य कार्यकारिणी सदस्य डॉ सुधीर शर्मा, एआईवाईएफ बिहार राज्य अध्यक्ष संजीत सुमन, जिला कार्यकारिणी सदस्य उदयकांत झा, शहर समिति के प्रभारी सचिव सचिन कुमार, पूर्व सचिव अभिमन्यु मंडल, एआईएसएफ जिला सचिव संतोष कुमार, नाथनगर अंचल सचिव गोपाल राय, बिजली मजदूर के नेता जयप्रकाश दास, एटक नेता महावीर सिंह आदि ने संबोधित किया।


## एक नजर

### पाकिस्तान में बस दुर्घटना, 20 की मौत, कई घायल, बचाव कार्य जारी



**इस्लामाबाद,एजेंसी।** पाकिस्तान में सुबह सुबह एक पहाड़ी इलाके में दुर्घटना में बस फिसलकर खाई में जा गिरी। बस में बैठे 20 लोगों की मौत हो गई, वहीं 21 लोग अभी घायल हैं। उत्तर पश्चिम पाकिस्तााान में शुक्रवार को एक बस गिलगित-बाटलिस्तान क्षेत्र के डायमेर जिले में काराकोरम मार्ग पर रावलपिंडी से हुंजा जा रही थी। सुबह लगभग 5¬30 बजे रास्ते में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिस कारण बस फिसलकर सिंधू नदी में जा गिरी। बस में सवार कई लोगों जख्मी हो गए। लगभग 15 लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं कई शव को बरामद किया गया है। सूत्रों की मानें तो मरने वालों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है क्योंकि घायलों की हालत गंभीर है। अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है।बस में 43 लोग सवार थे। सेना के हेलीकॉप्टरों से बचाव कार्य कराया गया। साथ ही घायल और मृतकों को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, बचाव कार्य जारी है। प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को हर संभव चिकित्सा उपचार प्रदान करने का निर्देश दिए। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी घटना पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। गिलगित-बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री हाजी गुलबार खान ने घटना पर शोक व्यक्त किया और प्रशासन को घायलों को तत्काल चिकित्सा सहा1यता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। गिलगित-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फराक ने कहा कि दुर्घटना के बाद चिलास अस्पताल में आपातकाल घोषित किया है।

### रवांडा में मूसलाधार बारिश से अब तक 49 लोगों की मौत



**किगाली।** अफ्रीकी देश रवांडा में पिछले दो महीने से जारी मूसलाधार बारिश से अब तक करीब 49 लोगों की मौत हो गयी और 79 अन्य घायल हो गये। आपातकालीन प्रबंधन के प्रभारी मंत्री अल्बर्ट मुरासिरा ने राष्ट्रीय टेलीविजन को बताया कि यहां मूसलाधार बारिश के साथ ही बिजली गिरने और भूस्खलन जैसी घटनाएं हुई। उन्होंने बताया कि बिजली गिरने से करीब 12 लोगों की मौत हो गयी जबकि अन्य लोगों की मौत जर्जर मकान गिरने से हुयी। सरकार ने देश भर में लगभग पांच हजार निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। मूसलाधार बारिश से आयी आपदाओं के कारण घर, पुल, स्कूल भवन, सड़क नेटवर्क और हेक्टेयर वृक्षारोपण सहित बुनियादी ढांचे नष्ट हो गये। रवांडा मौसम विज्ञान एजेंसी ने मई के पहले 10 दिनों में रवांडा के कई हिस्सों में घनघोर बारिश होने की चेतावनी दी थी। रवांडा जल संसाधन बोर्ड ने भी मंगलवार को देश में हो रही मूसलाधार बारिश के कारण कुछ नदियों के तट टूट जाने की चेतावनी दी, जिससे आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ आ जाएगी। इसलिए पहले से ही संभावित खतरे वाले क्षेत्रों को खाली करने की सलाह दी गयी। गौरतलब है कि पिछले साल मई में पश्चिमी और उत्तरी रवांडा में मूसलाधार बारिश से अचानक आयी बाढ़ तथा भूस्खलन से 135 लोगों की मौत हो गई थी।

### चीन में बारिश से एक्सप्रेस-वे का एक हिस्सा ढहा, अब तक 48 लोगों की मौत



**गुआंगहो।** दक्षिण चीन के गुआंग्डोंग प्रांत में एक्सप्रेस-वे का एक हिस्सा टूट जाने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है। अधिकारियों ने मेइझोउ शहर में एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। मलबे से निकाले गये अन्य तीन लोगों के डीएनए की पहचान अभी की जानी है। मीझोउ शहर के अधिकारियों के अनुसार, 30 घायल लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सभी घायलों की हालत स्थिर बतायी जा रही है। यह हादसा मेइझोउ में मेइझोउ-डाबू एक्सप्रेस-वे पर कल देर रात करीब 2:10 बजे हुआ। अधिकारियों ने बताया कि एक्सप्रेस-वे का 17.9 मीटर लंबा हिस्सा टूट गया। घटनास्थल पर बचाव और खोज अभियान अभी जारी है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक हाईवे ढहने से 20 गाड़ियां नीचे गिर गईं, इनमें 54 से ज्यादा लोग सवार थे। घटना की जानकारी मिलने पर 500 राहत कर्मियों ने बचाव कार्य संभाला। चीन सरकार ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक गुआंग्डोंग में शनिवार (27 अप्रैल) को दोपहर में तूफान आया था। इस दौरान यहां 20.6 मीटर प्रति सेकेंड की रफ्तार की अधिकतम हवा दर्ज की गई थी। इसके बाद तेज बारिश हुई थी।

# भारत-अमेरिकी समूह ने अमृतसर के विकास के लिए दिए 100 मिलियन डॉलर



**वाशिंगटन,एजेंसी।** प्रवासी भारतीयों ने भारतीय शहर के विकास के लिए पहली पहल की है। इसके तहत उन्होंने अमृतसर के सामाजिक और आर्थिक विकास के स्टार्टअप के लिए 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर देने की घोषणा की है। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (फिक्की) और यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के सहयोग से, अमेरिका में रहने वाले प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकियों और भारतीयों के एक समूह ने वाशिंगटन के मैरीलैंड उपनगर में अपनी पहली बैठक की।

जिसमें अमृतसर के विकास के लिए समिति का गठन करेंगे। इसके लिए 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर दिए जाएंगे। अमेरिका में पूर्व भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू जो कि वापस अमृतसर लौट आए हैं, उन्होंने इसकी शुरूआत की है। अमृतसर आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। संधू ने सेवानिवृत्ति के बाद भारत लौटने पर अमृतसर से भाजपा ज्वाइन कर ली। यही नहीं वे यहां के लोकसभा उम्मीदवार भी बन गए। उन्होंने शहर में प्रतिष्ठित भारतीय प्रवासी सदस्यों का एक सम्मेलन भी आयोजित किया। इस सम्मेलन में अमेरिका के प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकियों ने प्रतिभाग किया। यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष मुकेश अघी अमेरिका आए। इस सम्मेलन में सह-मेजबानी फिक्की के साथ की गई। वाशिंगटन के मैरीलैंड में एक बार फिर इस विषय पर बैठक हुई। जिसमें अमृतसर के भारतीय अमेरिकी संजीव लखनपाल की अध्यक्षता में विकसित अमृतसर पहल के गठन की घोषणा हुई। मुकेश अघी ने बताया कि इसका उद्देश्य अमृतसर में उद्यमियों को सलाह और उनके सामाजिक रूप से स्टार्टअप को सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि अमृतसर स्टार्टअप में निवेश करने के लिए लगभग सौ मिलियन डॉलर एकत्र किए हैं। 250 से अधिक आवेदन हैं जिनकी समीक्षा कर उनका चयन करेंगे। ताकि अधिक स्टार्टअप अमृतसर में अधिक नौकरियाँ पैदा करें। उन्होंने बताया कि यह स्टार्टअप खेती और कृषि, उद्योग और वाणिज्य, कौशल विकास, सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य देखभाल, पर्यटन और गृह निर्माण के क्षेत्र में हो सकते हैं। मेरे समूह की ओर से अमृतसर में स्टार्टअप्स में 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक के निवेश किए जाएंगे। वहीं विकसित अमृतसर पहल के संस्थापक संजीव लखनलाल ने कहा कि हमारे पास अमृतसर में राजदूत तरणजीत जैसा साझेदार है जिस पर हम भरोसा कर सकते हैं क्योंकि हम अपने संसाधन और प्रयास अमृतसर में लगा रहे हैं। वहीं संधू ने कहा कि अमृतसर की कनेक्टिविटी और सर्वांगीण विकास का दायरा बहुत बड़ा है।

# फिलीपींस ने चीन के राजदूत को भेजा समन, दक्षिण चीन सागर में नौसैनिकों पर हुए हमले पर जताई नाराजगी

**बीजिंग,एजेंसी।** दक्षिणी चीन में एक पहाड़ी इलाके में राजमार्ग का एक हिस्सा ढह जाने के बाद बृहस्पतिवार को चलाए गए खोज अभियान में मृतक संख्या बढ़कर 48 हो गई है। यहां 20 से अधिक कारें गहरी ढलान पर गिर गईं। मीझोउ शहर के अधिकारियों ने कहा कि तीन अन्य लोग अभी अज्ञात हैं। इनका डीएनए परीक्षण किया जाना है। इनकी पहचान के बाद मरने वालों की संख्या 51 हो जाएगी। दक्षिणी ब्राजील में तेज बारिश के चलते रियो ग्रांडे डो सुल प्रांत में इस सप्ताह भारी बारिश से 13 लोगों की मौत हो गई और 21 लोग लापता हैं। सरकार ने चेताया कि हालात गंभीर है और कुछ दिनों में ये और भी खराब हो सकते हैं। इतना ही नहीं, 3300 लोगों ने अपना घर छोड़ दिया है। यूएई में भारी बारिश-तूफान से कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। इस्तांबुल, जोहानिसबर्ग, नैरोबी, काहिरा, अम्मान व सिंगापुर के यात्रियों का रीबुकिंग शुल्क माफ किया गया है। म्यांमार में नौकरी के नाम पर ठगे गए भारतीय नागरिकों के मामले में विदेश मंत्रालय ने कहा कि तीन भारतीयों ने स्वदेश वापसी के लिए संपर्क किया था। एक को पहले ही वापस लाया जा चुका है, बाकी बचे दो लोगों की वापसी के लिए प्रयास जारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दो अन्य को लाने के लिए वहां का दूतावास इस पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में नौकरियों के लिए आवेदन करते समय सावधानी रखें। 2022 में भारत ने म्यांमार से 45 भारतीयों को बचाया था। सोलोमन द्वीप के सांसदों ने पूर्व विदेश मंत्री जेरेमिया मनाले को देश का नया पीएम चुना है। सोलोमन द्वीप की हालिया वर्षों में चीन के साथ निकटता बढ़ी है। चीन समर्थक पूर्व पीएम मानासेह सोगावारे के सरकार प्रमुख के मुकाबले से नाम वापसी के बाद मनाले का मार्ग प्रशस्त हुआ। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तिमरगारा के सरकारी स्नातकोत्तर कॉलेज ने छात्राओं को निर्देश जारी किए हैं, जिनमें परिसर से आने-जाने के दौरान राजनीतिक कार्यक्रमों, जन्मदिन समारोह और अन्य गतिविधियों में भाग लेने से बचने को कहा गया है। एक पाकिस्तानी अखबार ने यह जानकारी दी। कॉलेज के मुख्य प्रॉक्टर प्रोफेसर रियाज मोहम्मद ने औपचारिक रूप से इन निर्देशों को प्रसारित किया और स्थानीय रीति-रिवाजों का पालन करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह छात्राओं के सर्वोत्तम हित में है। डॉन के मुताबिक, उन्होंने शिक्षण संस्थानों में रिपोर्ट की गई घटनाओं का हवाला देते हुए फैसले को सही ठहराया और कहा कि उनके कॉलेज का उद्देश्य ऐसी घटनाओं को रोकना है। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी इलाके में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। दरअसल एक बस खाई में गिर जाने से उसमें सवार 10 लोगों की मौत हो गई। घटना गिलगित बाल्टिस्तान क्षेत्र के दियामेर इलाके की है, जहां एक बस में 30 लोग सवार होकर रावलपिंडी से गिलगित जा रहे थे।

## इमरान खान की पार्टी ने पाकिस्तान में हुए चुनावों में धांधली की जांच के लिए न्यायिक आयोग के गठन की मांग की

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित धांधली पर बृहस्पतिवार को एक श्वेतपत्र जारी किया और ''संसद में 180 सीट छीनने'' की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग के गठन की मांग की। पाकिस्तान में हुए आठ फरवरी के आम चुनाव में किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला था। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तरहरीक-ए-इंसाफ का चुनाव चिह्न नहीं होने से उसके समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 336 सदस्यीय नेशनल असेंबली में 93 सीट जीती थीं। तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने 75 सीट जीतीं, जबकि बिलावल जरदारी भुट्टो के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) ने 17 सीट पर जीत हासिल की थी। इमरान खान विभिन्न मामलों में जेल में बंद हैं। उनकी पार्टी ने कहा है कि शरीफ की पीएमएल-एन का पक्ष लिया था और पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने उसके 'जनादेश को चुराते' हुए परिणाम के लिए एक अलग फॉर्म का इस्तेमाल किया था।पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर खान ने बृहस्पतिवार को इस्लामाबाद में पार्टी के अन्य नेताओं के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने (8 फरवरी) चुनाव में 180 सीट जीतीं। हमारी सीट फॉर्म 47 के माध्यम से अन्य दलों को दे दी गईं।

## स्थानीय चुनावों के खराब नतीजों के बाद दबाव में प्रधानमंत्री सुनक, 40 साल में पार्टी का सबसे बुरा प्रदर्शन



**लंदन।** को चुनाव में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, स्थानीय चुनावों के खराब नतीजों के बाद रातोंरात स्थिती बदल गई है। इन चुनाव नतीजों को 40 साल में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी का सबसे बुरा प्रदर्शन बताया जा रहा है। कंजर्वेटिव पार्टी विपक्ष की लेबर पार्टी से पीछे छूटती दिखाई पड़ रही है। इतना ही नहीं ब्लैकपूल दक्षिण उपचुनाव में टोरी को मिले बहुमत भी पलट गया है। ऐसे में विपक्षी दल को लाभ मिलने के बाद भारतीय मूल के नेता सुनक को खुद की पार्टी के लोगों का विरोध झेलना पड़ सकता है। यह संभावना जताई जा रही है।

आम चुनाव से पहले उपचुनाव के आए नतीजे को लेबर पार्टी के नेता सर कीर स्टर्मर ने एक प्रचंड जीत करार दिया। साथ ही उन्होंने इस नतीजे को पार्टी के पक्ष में एक समग्र चुनावी जनादेश के रूप में घोषित किया। उपचुनाव को लेकर स्टर्मर ने कहा, %ब्लैकपूल पूरे देश की आवाज है। यहां के लोगों को ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को सीधा संदेश भेजने का मौका मिला और उनका संदेश था कि वह बदलाव के लिए वोट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुनक के लिए यह स्पष्ट संदेश है कि अब बदलाव का समय है। आम चुनाव का समय है। दरअसल, ब्लैकपूल साउथ में लेबर उम्मीदवार क्रिस वेब ने कंजर्वेटिव के नेता डेविड जोन्स को उस निर्वाचन क्षेत्र में हराया, जहां टोरी ने साल 2019 में जीत उपलब्ध की थी। प्रख्यात सर्वेक्षक प्रोफेसर जॉन कर्टिस ने का कहना है, हम पिछले 40 वर्षों में स्थानीय सरकार के चुनावों में कंजर्वेटिव पार्टी के सबसे खराब प्रदर्शन को देख रहे हैं।

## यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट में तथ्यों का अभाव: भारतीय समुदाय

**वाशिंगटन।** भारतीय समुदाय के एक थिंक टैंक ने अमेरिकी विदेश मंत्रालय से धार्मिक स्वतंत्रता के कथित उल्लंघन के लिए भारत की आलोचना करने वाली 'यूएस कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम' (यूएससीआईआरएफ) की हालिया वार्षिक रिपोर्ट को खारिज करने का आग्रह करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट आंशिक आंकड़ों का उपयोग कर तैयार की गई है और इसमें तथ्यों का अभाव है।

यूएससीआईआरएफ ने धार्मिक स्वतंत्रता के कथित उल्लंघन के मद्देनजर भारत को 'विशेष चिंता वाला देश' (सीपीसी) घोषित करने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्रालय से सिफारिश की। यूएससीआईआरएफ ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति लगातार खराब हो रही है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार ने 'भेदभावपूर्ण' राष्ट्रवादी नीतियों को बढ़ावा दिया है।

भारत ने बृहस्पतिवार को यूएससीआईआरएफ पर तीखा हमला करते हुए कहा था कि वार्षिक रिपोर्ट के नाम पर भारत को लेकर उसका दुष्प्रचार जारी है। इसके साथ ही भारत ने अपनी चुनावी प्रक्रिया में ''हस्तक्षेप'' करने की कोशिश करने के लिए भी उसकी आलोचना की। धार्मिक स्वतंत्रता के कथित उल्लंघन को लेकर भारत की आलोचना करने वाली यूएससीआईआरएफ रिपोर्ट पर असामान्य रूप से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था, ''अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग को राजनीतिक एजेंडे वाले पक्षपाती संगठन के रूप में जाना जाता है। उसने वार्षिक रिपोर्ट के नाम पर भारत के संबंध में अपने दुष्प्रचार का प्रकाशन जारी रखा है।'फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज' (एफआईआईडीएस) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट को पक्षपातपूर्ण, आंशिक आंकड़े पेश करने वाली और त्रुटिपूर्ण निष्कर्ष प्रस्तुत करने वाली करार दिया।

## अमेरिकी विश्वविद्यालयों में प्रदर्शनों से मस्क ने जताई नाराजगी, एडवर्ड स्नोडेन ने दिया करारा जवाब



**वॉशिंगटन,एजेंसी।** अमेरिका में हो रहे फलस्तीन समर्थित विरोध प्रदर्शनों के मुद्दे पर एलन मस्क ने एक ऐसा पोस्ट किया, जिस पर अमेरिकी व्हिसल ब्लोअर एडवर्ड स्नोडेन ने करारा जवाब दिया है। दरअसल मस्क ने सोशल मीडिया पर एक पोल साझा किया, जिसमें अमेरिकी झंडे का अपमान करने वाले को देश से बाहर भेजने पर लोगों की राय मांगी गई थी। इस पर स्नोडेन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश में अभिव्यक्ति की आजादी है।

अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जारी फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों पर एलन मस्क ने एक ट्वीट किया। जिसमें मस्क ने लिखा, प्रस्तावित कानून: अगर कोई अमेरिकी झंडे का फाड़ता है और उसकी जगह कोई दूसरा झंडा लगाता है तो उस व्यक्ति को अनिवार्य रूप से उस देश भेज देना चाहिए, जहां का झंडा उसने लगाया है। मस्क ने इस पोस्ट पर लोगों से हां और नहीं में जवाब भी मांगा था। मस्क के इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी व्हिसल ब्लोअर एडवर्ड स्नोडेन ने लिखा कि पहली बात अमेरिका में अभिव्यक्ति की आजादी है, जिसमें सभी झंडों को फाड़ने और उनके साथ कुछ भी करने की आजादी है और किन्हीं कारणों से इस अधिकार को संविधान में सुरक्षित किया गया है। दूसरी बात तब आप क्या करेंगे, जब वे लोग इस झंडे से अमेरिकी झंडे को बदल दें? इसके साथ ही स्नोडेन ने फास्ट फूड चेन मैक्डोनाल्ड के झंडे की तस्वीर साझा की।

दरअसल अमेरिका के कई संस्थानों में इन दिनों फलस्तीन के समर्थन में धरने प्रदर्शन हो रहे हैं। इसके चलते कई छात्रों को गिरफ्तार किया गया है और कई पर शैक्षिक प्रतिबंध लगा दिए गए हैं। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में परिसर को प्रदर्शनकारी छात्रों से मुक्त कराने के लिए पुलिस की मदद लेनी पड़ी थी। इसी को लेकर मस्क ने पोल संबंधी पोस्ट किया था। हालांकि मस्क ने एक अन्य ट्वीट में ये भी लिखा कि अन्य देश भेजे जाने वाले अमेरिकी कुछ समय उस देश में बिताने के बाद वापस अमेरिका आ सकते हैं, ताकि उन्हें उस देश की जमीनी हकीकत के बारे में पता चल सके। एडवर्ड स्नोडेन पर साल 2013 में अमेरिका की खुफिया सूचनाएं लीक करने का आरोप लगा था। जिस पर पूरी दुनिया में हंगामा हुआ था। एडवर्ड स्नोडेन गिरफ्तारी से बचने के लिए विदेश भाग गए थे और फिलहाल उनके रूस में मौजूद होने का दावा किया जा रहा है।

### तुर्की ने इजरायल के साथ सभी व्यापार गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया

**अंकारा।** तुर्की ने इजरायल के साथ सभी व्यापारिक गतिविधियों पर रोक लगा दी। तुर्की व्यापार मंत्रालय ने बताया कि गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों के चलते ये फैसला लिया गया है। यह कदम पिछले महीने से तुर्की द्वारा इजरायल को निर्यात की एक श्रृंखला पर प्रतिबंध लगाने के बाद उठाया गया है। जिसके बारे में अंकारा ने गुरुवार को कहा था कि यह तब तक प्रभावी रहेगा जब तक गाजा में युद्धविराम नहीं हो जाता। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, तुर्की व्यापार मंत्रालय ने कहा कि अंकारा ने पहले अप्रैल में इजरायल को 54 उत्पाद समूहों के निर्यात को प्रतिबंधित कर दिया था क्योंकि इजरायली सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय युद्धविराम प्रयासों को अनदेखा किया है। मंत्रालय ने कहा कि यह देखा गया है कि इजरायली सरकार ने अपना आक्रामक व्यवहार जारी रखा है और फिलिस्तीन में मानवीय त्रासदी बदतर हो गई है। मंत्रालय के अनुसार, इस संबंध में राज्य स्तर पर उठाए गए कदमों का ये दूसरा चरण है। इजरायल के साथ सभी उत्पादों के लिए निर्यात और आयात लेनदेन को निलंबित कर दिया गया है।

## भारत ने यूएनजीए में पाकिस्तान को सभी पहलुओं पर सबसे संदिग्ध 'ट्रैक रिकॉर्ड' वाला देश बताया



**संयुक्त राष्ट्र,एजेंसी।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान द्वारा नयी दिल्ली के खिलाफ दिए गए बयान को ''विनाशकारी एवं हानिकारक'' बताया और उसे तीखा जवाब देते हुए कहा कि पाकिस्तान का सभी पहलुओं पर ''सबसे संदिग्ध ट्रैक रिकॉर्ड'' रहा है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम ने 'शांति की संस्कृति' पर महासभा में अपने संबोधन के दौरान कश्मीर, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम और अयोध्या में राम मंदिर जैसे मामलों का जिक्र करते हुए भारत के खिलाफ लंबी टिप्पणी की थी जिस पर संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। कंबोज ने बृहस्पतिवार को कहा, ''इस महासभा में हम आखिरी बात यह कहना चाहते हैं कि जब हम इस चुनौतीपूर्ण समय में शांति की संस्कृति विकसित करने की कोशिश करते हैं तो ऐसे समय में हमारा ध्यान रचनात्मक वार्ता पर केंद्रित रहता है इसलिए हमने एक निश्चित प्रतिनिधि की उन टिप्पणियों को दरकिनार करने का विकल्प चुना जिनमें न केवल मर्यादा का अभाव है बल्कि अपनी विनाशकारी एवं हानिकारक प्रकृति के कारण वे हमारे सामूहिक प्रयासों में भी बाधक हैं।

उन्होंने कहा, ''हम उस प्रतिनिधि को सम्मान और कूटनीति के उन केंद्रीय सिद्धांतों का पालन करने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित करेंगे जिन्हें हमेशा हमारी चर्चाओं का मार्गदर्शन करना चाहिए या फिर क्या उस देश से यह अपेक्षा करना बहुत ज्यादा है जिसका स्वयं सभी पहलुओं पर सबसे संदिग्ध 'ट्रैक रिकॉर्ड' है। कंबोज ने कहा कि आतंकवाद शांति की संस्कृति और सभी धर्मों की उन मूल शिक्षाओं का प्रत्यक्ष विरोधी है, जो करुणा, समझ और सह-अस्तित्व की वकालत करते हैं। उन्होंने कहा, ''यह झगड़े के बीज बोता है, शत्रुता पैदा करता है और सम्मान एवं सद्भाव के उन सार्वभौमिक मूल्यों को कमजोर करता है जो दुनिया भर में सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं का आधार हैं। सदस्य देश यदि वास्तव में शांति की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहते हैं और दुनिया को एक एकजुट परिवार के रूप में देखना चाहते हैं तो इसके लिए उनका मिलकर सक्रिय रूप से काम करना आवश्यक है। इस एकजुटता में मेरे देश का दृढ़ विश्वास है। कंबोज ने कहा कि दुनिया को भू-राजनीतिक तनाव और असमान विकास के कारण बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, '' धर्म या विश्वास के आधार पर बढ़ती असहिष्णुता, भेदभाव और हिंसा पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।'' उन्होंने कहा, ''गिरजाघरों, मठों, गुरुद्वारों, मस्जिदों, मंदिरों सहित पवित्र स्थलों पर बढ़ते हमलों से हम विशेष रूप से चिंतित हैं।'

## एक नजर

### स्पेशल ओलंपिक के एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद की अध्यक्ष बनीं डॉ. मल्लिका नड्डा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** डॉ. मल्लिका नड्डा को स्पेशल ओलंपिक के एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद (एपीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डॉ. मल्लिका नड्डा 2021 से स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वह 30 से अधिक वर्षों से दिव्यांगों, वंचितों और महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित हैं। इतिहास में डॉक्टरेट और शहरी अध्ययन में विशेष रुचि रखने वाली शिक्षाविद डॉ. मल्लिका नड्डा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (शिमला) से जुड़ी हुई हैं। एपीएसी की अध्यक्ष के रूप में, डॉ. नड्डा 34 देशों में फैले पूरे स्पेशल ओलंपिक एशिया प्रशांत क्षेत्र की एक सुसंगत आवाज बनेंगी। डॉ. नड्डा एशिया प्रशांत क्षेत्र में एसओ भारत के प्रतिनिधि के रूप में काम करेंगी, जहां स्पेशल ओलंपिक भारत को स्थायी सीट प्राप्त है। उनका कार्यकाल तीन साल (1 मई 2024 से 31 मार्च 2027 तक) का होगा। अपनी नियुक्ति पर डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा, मैं एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद के सदस्यों का मुझ पर भरोसा जताने के लिए आभारी हूं। एसओ भारत का प्रतिनिधित्व करना और पूरे क्षेत्र में एथलीटों और उनके परिवारों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं अपनी क्षमता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं, और स्पेशल ओलंपिक के लक्ष्यों को प्राप्त करने में अपने साथी सदस्यों के साथ सहयोग करने के लिए तत्पर हूं। साथ मिलकर तीनों क्षेत्रों – खेल, स्वास्थ्य और शिक्षा में निरंतर गुणवत्ता विकास की दिशा में आंदोलन को आगे बढ़ाऊंगी। डॉ. नड्डा को कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें बाल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए भारत सरकार के महिला एवं बाल मंत्रालय द्वारा वर्ष 2010 में प्रदान किया गया राजीव गांधी मानव सेवा पुरस्कार, शिक्षा एवं मानव संवर्धन के क्षेत्र में वर्ष 2011 में दिया गया डेरोजियो पुरस्कार तथा उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं के लिए वर्ष 2015–16 में दिया गया रोटरी श्रेयस पुरस्कार शामिल है।

# कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुम्बई इंडियंस को 24 रनों से हराया



**मुम्बई,एजेंसी।** वेंकटेश अय्यर (70) और मनीष पांडे (42) रनों की शानदार पारियों उसके बाद मिचेल स्टार्क तथा अन्य की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 51वें मुकाबले में मुम्बई इंडियंस को 18.5 ओवर में 145 रनों पर समेटते हुये 24 रन से जीत दर्ज की। कोलकाता की 10 मैचों में यह सातवीं जीत है।

170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने एक-एक करके अपने छह विकेट 71 के स्कोर तक गवां दिये थे। सबसे पहले दूसरे ओवर में इशान किशन(13) पर उसके बाद नमन धीर (11), रोहित शर्मा (11), तिलक वर्मा (4), नेहाल वढेरा (6) और कप्तान हार्दिक पांड्या (1) रन बनाकर पवेलियन लौट चुके थे। सूर्यकुमार और टिम डेविड ने पारी को संभाला और सातवें विकेट लिये 49 रनों की साझेदारी की। सूर्यकुमार यादव ने 35 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए सर्वाधिक (56) रन बनाये। उन्हें आंद्रे रसल ने सॉल्ट के हाथों कैच आउट कराया। सूर्यकुमार जब तक क्रीज पर थे लग रहा था कि मुम्बई आसानी से मुकाबला जीत लेंगी लेकिन उनके आउट होते के साथ एक-एक करके विकेट गिरने लगे। टिम डेविड 20 गेंदों में 24 रन, गेराल्ड कोएत्जी (8), पीयूष चावला (शून्य) पर आउट हुये। मुम्बई इंडियंस की पूरी टीम 18.5 ओवर में 145 रनों सिमट गई। कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से मिचेल स्टार्क ने चार विकेट लिये। वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण और आंद्रे रसल को दो-दो विकेट मिले। इससे पहल कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुम्बई इंडियंस को जीत के लिए 170 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट (5) का विकेट गवां दिया। उसके बाद तीसरे ओवर में अंगकृष रघुवंशी (13) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। कप्तान श्रेयस अय्यर (6), सुनील नारायण (8) और रिंकू सिंह (9) रन बनाकर बनाकर आउट हुये। एक समय कोलकाता ने 57 रन पर अपने नाम विकेट गवां दिये थे। ऐसे समय में वेंकटेश अय्यर और मनीष पांडे ने पारी को संभाला। दोनों ने छठें विकेट लिये (83) रन जोड़े। मनीष पांडे ने 31 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुये (42) रन बनाये।

आंद्रे रसल (7), रमनदीप सिंह (2), मिचेल स्टार्क (शून्य) पर आउट हुये। वेंकटेश अय्यर ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 52 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लगाते हुए (70) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली और अपनी टीम को 169 रन के सम्मानजक स्कोर तक पहुंचाया। बुमराह ने 19वें ओवर की पांचवीं गेंद पर वेंकटेश को बोल्ड कर कोलकाता की पारी का अंत किया। मुम्बई की ओर से नुवान तुषारा और जसप्रीत बुमराह ने तीन- तीन विकेट लिये। हार्दिक पांड्या को दो विकेट मिले। पीयूष चावला ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा ऑस्ट्रेलिया, टी-20 और वनडे में भारत की बादशाहत बरकरार




**नई दिल्ली,एजेंसी।** पिछले साल ओवल में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत को हराने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वार्षिक अपडेट के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया है। अपडेट में 2020–21 सत्र के परिणाम शामिल नहीं किए गए हैं और मई 2021 से पूरी हुई सभी सीरीज को शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया अब 124 रेटिंग पॉइंट के साथ तालिका में शीर्ष पर है, दूसरे स्थान पर काबिज भारत (120) ऑस्ट्रेलियाई टीम से केवल 4 अंक पीछे है, जबकि तीसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड से 15 अंक आगे है। दक्षिण अफ्रीका 103 पॉइंट के साथ चौथे स्थान पर है। तीसरे से नौवें स्थान पर रहने वाली टीमों का क्रम वही है। अब केवल नौ टीमें ही रैंक की गई हैं, क्योंकि अफगानिस्तान और आयरलैंड ने अभी तक पर्याप्त टेस्ट नहीं खेले हैं, जबकि जिम्बाब्वे भी बाहर है, क्योंकि उसने पिछले तीन वर्षों में केवल तीन टेस्ट खेले हैं। रैंकिंग तालिका में आने के लिए टीमों को तीन साल की अवधि में कम से कम आठ टेस्ट खेलने होंगे। हालांकि, वार्षिक अपडेट के बाद भारत वनडे और टी20आई रैंकिंग में शीर्ष पर बना हुआ है, अपडेशन में मई 2023 से पहले पूरे किए गए मैचों का 50 प्रतिशत और उसके बाद के मैचों का 100 प्रतिशत परिणाम शामिल है।

भारत भले ही आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया हो, लेकिन उसने वनडे में अपनी बढ़त तीन से बढ़ाकर छह अंक कर ली है और 122 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन आयरलैंड जिम्बाब्वे को पछाड़कर 11वें स्थान पर पहुंच गया है। तीसरे स्थान पर काबिज दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया से अंतर आठ से घटाकर चार अंक कर लिया है, जबकि श्रीलंका पांचवें स्थान पर काबिज इंग्लैंड से केवल दो अंक पीछे है। टी20आई रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड से आगे बढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है, लेकिन भारत से सात अंक पीछे है, जो 264 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर है। अपडेट से पहले छठे स्थान पर रहने के बाद दक्षिण अफ्रीका इंग्लैंड से सिर्फ़ दो अंक पीछे है। न्यूज़ीलैंड के भी दक्षिण अफ्रीका की तरह 250 अंक हैं, लेकिन वे अंशों में पीछे हैं, जबकि वेस्टइंडीज़ के 249 अंक हैं, जिसका मतलब है कि तीसरे स्थान पर रहने वाले इंग्लैंड और छठे स्थान पर रहने वाले वेस्टइंडीज़ के बीच सिर्फ़ तीन अंक का अंतर है। अन्य बदलावों में, पाकिस्तान दो स्थान गिरकर सातवें स्थान पर आ गया है, जबकि स्कॉटलैंड ज़िम्बाब्वे को पीछे छोड़कर 12वें स्थान पर आ गया है। कुल मिलाकर, 86 देशों ने पिछले तीन वर्षों में कम से कम आठ टी20आई खेले हैं और इसलिए उन्हें रैंकिंग मिली है। छह देशों को अब रैंकिंग नहीं दी गई है-ग्रीस, मैक्सिको, म्यांमार और तुर्की ने सात टी-20 मैच खेले हैं और इसलिए उन्हें उनके अगले मैच के बाद रैंकिंग दी जाएगी, जबकि बेलीज और कुक आइलैंड ने छह टी-20 मैच खेले हैं, इसलिए उन्हें दो और मैच खेलने के बाद रैंकिंग दी जाएगी।

### मेरा काम 13वें. 14वें ओवर तक टिकना है ताकि क्लासेन आक्रामक खेल सके : नीतिश रेड्डी



**हैदराबाद ,एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद के मध्यक्रम को मजबूती देने की भूमिका बखूबी निभा रहे युवा नीतिश रेड्डी को भविष्य में भारतीय टीम के हरफनमौला के रूप में देखा जा रहा है चूंकि वह उपयोगी मध्यम तेज गेंदबाज भी हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में पारी की शुरूआत करते हुए रेड्डी ने नाबाद 76 रन बनाये और ट्रेविस हेड ने आक्रामक अर्धशतक लगाया। हेनरिच क्लासेन ने 19 गेंद में 42 रन बनाकर सनराइजर्स को तीन विकेट पर 201 रन तक पहुंचाया। अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने बेहतरीन आखिरी ओवर डालकर रॉयल्स को एक रन से हराने में अहम भूमिका निभाई। नीतिश ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'पिछले दो मैचों में जल्दी विकेट गिरने के कारण मुझे उतरना पड़ रहा था। मेरा काम 13वें 14वें ओवर तक टिकना है ताकि बाद में क्लासेन आक्रामक खेल सके। समद और क्लासेन को जल्दी उतारने का कोई मतलब नहीं अगर वे खुलकर नहीं खेल सकें। उन्होंने आखिरी ओवर में शानदार प्रदर्शन के लिये भुवनेश्वर की तारीफ करते हुए कहा, ''मैं देख रहा था कि आखिरी ओवर कौन डालता है। जब भुवनेश्वर को गेंद सौंपी गई तो मुझे यकीन हो गया कि वह मैच जिता देगा। वह अपने कैरियर में कई बार ऐसा कर चुका है। वहीं रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग ने 49 गेंद में 77 रन बनाये लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। उन्होंने कहा, ''मुझे कई पहलुओं पर काम करना है। मैं अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हूं। मुझे टीम को जीत तक ले जाना चाहिये था। अपनी गलतियों से सबक लेकर मैं उन्हें दोहराने से बचूंगा।''

## हम में से किसी ने अपना विकेट जानबूझकर नहीं गंवाया: रियान पराग



**हैदराबाद,एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से एक रन से हार का सामना करने के बाद, इन-फॉर्म बल्लेबाज रियान पराग ने इस बात से इनकार किया कि कुछ बल्लेबाजों ने, जिनमें वह भी शामिल हैं, निर्णायक मोड़ पर अपने विकेट जानबूझकर गंवाए। शुरुआती ओवर में जोस बटलर और संजू सैमसन को खोने के बाद, पराग और यशस्वी जायसवाल ने जवाबी हमले में तीसरे विकेट के लिए 134 रन जोड़े और एक प्रभावशाली जीत की ओर अग्रसर थे। लेकिन जायसवाल 40 गेंदों में 67 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पराग 49 गेंदों में 77 रन बनाकर आउट हुए और वहां से आरआर को इस सीजन की दूसरी हार झेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

पराग ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे नहीं लगता कि हममें से किसी ने भी अपना विकेट फेंका है। जायसवाल ने उस स्कूप की कोशिश की क्योंकि नटराजन अच्छी धीमी बाउंसर फेंक रहे थे इसलिए उन्होंने अगली गेंद यॉर्कर समझकर यह शॉट खेला। मैंने भी सिक्स लगाने की कोशिश की और गेंद मिस हुई लेकिन मुझे नहीं लगता कि हमने अपने विकेट फेंके, अंत तक टिके रहना अच्छा होता। हम दोनों की भी योजना यह थी। पराग ने यह भी कहा कि भुवनेश्वर कुमार, पैट कमिंस और नटराजन ने आखिरी पांच ओवरों में अच्छी गेंदबाजी करके आरआर को जीत से वंचित कर दिया। पराग ने कहा, मैं काफी आश्वस्त था लेकिन आपको उन्हें इसका श्रेय देना होगा कि उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की। यह उनका घरेलू मैदान है, उन्होंने ऐसी गेंदबाजी की जैसे उन्हें पता हो कि विकेट कैसे रिएक्ट करेगी। आपको इसका श्रेय भुवनेश्वर कुमार, नटराजन और कमिंस को देना होगा। आईपीएल 2024 की दस पारियों में, पराग ने 159.14 की स्ट्राइक-रेट के साथ 58.43 के औसत से 409 रन बनाए और प्रतियोगिता में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। कुछ लोगों ने उनका नाम पुरुष टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में दावेदार के रूप में भी लिया था, लेकिन पराग को लगता है कि उनका सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है। पराग ने आगे कहा, मुझे सुधार करने के लिए बहुत से क्षेत्र मिले हैं। मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म मं नहीं हूं, अन्यथा मैं मैच समाप्त कर देता। मुझे बहुत सारे क्षेत्रों में सुधार करना है। मैं अपनी गलतियों से सीखने की कोशिश करता हूं और उन्हें दोहराता नहीं हूं। पिछले साल मैं आईपीएल खेलने की दौड़ में भी नहीं था। अब मैंने कुछ अफवाहें सुनी हैं, मैं अब सोशल मीडिया पर नहीं हूं, मैंने यहां-वहां कुछ शोर सुना है।

# मैं परिणाम के बारे में नहीं सोच रहा था: भुवनेश्वर



**हैदराबाद,एजेंसी।** भारत और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने खुलासा किया कि राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ अंतिम ओवर में 12 रन का बचाव करते समय वह विचारहीन थे। उन्होंने कहा कि वह परिणाम के बारे में नहीं सोच रहे थे और सिर्फ प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे। रोमांचक अंतिम ओवर में 12 रन का बचाव करने की जिम्मेदारी भुवनेश्वर को सौंपी गई। जब समीकरण यह हो गया कि आखिरी गेंद पर दो रनों की जरूरत थी, तो 34 वर्षीय ने एक नीची फुल टॉस गेंद फेंकी, जिसे पॉवेल फ्लिक करना चाहते थे, लेकिन चूक गए और गेंद पैड पर लगी। एसआरएच ने अपील की और अंपायर ने उंगली उठा दी। फिर, पॉवेल ने समीक्षा का विकल्प चुना, लेकिन रीप्ले में तीनों लाल दिखाई दिए। परिणामस्वरूप, एसआरएच ने टेबल-टॉपर्स आरआर पर एक रन से रोमांचक जीत हासिल की।

मैंने सभी को बताया कि प्रक्रिया बहुत महत्वपूर्ण है। मैं वस्तुतः विचारहीन था; मैं परिणाम के बारे में नहीं सोच रहा था। मैं बस वह करने की कोशिश कर रहा था जो मैं कर सकता था। मैं एक अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक के बारे में नहीं सोच रहा था, या जो भी प्रतिबंध था, मैं परिणाम से इतना अलग हो गया था कि मैं इस बारे में नहीं सोच रहा था कि क्षेत्ररक्षक कहां है, वह कहां हिट करेगा, या मैं कहां गेंदबाजी करने वाला हूं, मैं प्रक्रिया पर इतना केंद्रित था, केवल यही एक चीज थी। जो मैं कर रहा था। डिफेंस की शुरुआत में, भुवनेश्वर ने पहले ही ओवर में नई गेंद से इम्पैक्ट प्लेयर जोस बटलर और कप्तान संजू सैमसन के महत्वपूर्ण विकेट लेकर माहौल तैयार कर दिया था। उन्होंने पहले पारी की दूसरी गेंद पर बटलर को स्लिप में कैच कराया और फिर तीन गेंद बाद बेहतरीन इनस्विंगर पर सैमसन को बोल्ड आउट कर दिया। उन्होंने कहा, यह पहला मैच था जब गेंद इतनी अधिक स्विंग हुई। मैं वास्तव में यह नहीं बता सकता कि गेंद आखिरी बार कहां स्विंग हुई, लेकिन जिस तरह से यह स्विंग हुई, मैंने सचमुच इसका आनंद लिया। जब यह स्विंग होती है, तो आप हमेशा खेल में शीर्ष पर होते हैं, आप कोशिश करते हैं विकेट लो और सौभाग्य से मुझे विकेट मिले। भुवनेश्वर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3-41 विकेट लिए जबकि कप्तान पैट कमिंस और टी नटराजन ने दो-दो विकेट लिए, जिससे हैदराबाद ने गुरुवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में एक रन से रोमांचक जीत हासिल की।

### आरआर पर एक रन से जीत के बाद कमिंस ने कहा, मैं सुपर ओवर के बारे में सोच रहा था


**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने गुरुवार को आईपीएल 2024 में राजस्थारन रॉयल्स (आरआर) को सांस रोक देने वाले मुकाबले में 1 रन से मात दी। मैच के बाद एसआरएच के कप्ता न पैट कमिंस ने कहा कि उनकी टीम सुपर ओवर के लिए मानसिक रूप से तैयार हो गई थी। एसआरएच को अंतिम ओवर में 12 रनों का बचाव करना था, राजस्थान को आखिरी गेंद पर दो रन चाहिए थे। इसके अलावा, वो धीमी ओवर गति के दंड के कारण केवल चार फील्डर को 30-यार्ड सर्कल के बाहर रख सकते थे। हालांकि, भुवनेश्वथर कुमार एसआरएच की जीत के हीरो रहे जिन्हों ने आखिरी ओवर में राजस्था न रॉयल्सि को 13 रन बनाने से रोक दिया। भुवनेश्वर कुमार ने रोवमैन पॉवेल को मिडल और लेग पर लो फुल टॉस के साथ एलबीडब्ल्यू आउट करके (3-41) के साथ अपना स्पैल पूरा किया। इसके साथ ही एसआरएच के लिए टेबल-टॉपर्स पर शानदार जीत हासिल की, जो अब उनकी टीम को अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचाती है। कमिंस ने कहा, शानदार मैच। हमने आखिरी गेंद तक नहीं सोचा था कि मैच हमारे पक्ष में आएगा। यह टी20 क्रिकेट है। आपको आदत डालनी पड़ती है कि बल्लेबाज आप पर हावी रहेंगे। जब आप आखिरी ओवर में होते हो तो आपको महसूस होता है कि कुछ भी हो सकता है। भुवनेश्वपर कुमार ने छह यॉर्कर गेंदें डाली। आखिरी गेंद पर मुझे नहीं एहसास हुआ कि हमें विकेट मिला। हम सुपर ओवर की तैयारी कर रहे थे। आरआर के कप्तान संजू सैमसन ने भी एसआरएच के गेंदबाजों की सराहना की। उन्होंने कहा, हमने वास्तव में कुछ करीबी मैच खेले हैं और उनमें से कुछ जीते भी हैं। हमें एसआरएच के गेंदबाजों को श्रेय देना होगा। हम आखिरी ओवर तक 10 रन प्रति ओवर की दर से रन बना रहे थे। आईपीएल में गलती की गुंजाइश बहुत कम है और आपको एसआरएच को श्रेय देना होगा। आईपीएल की प्रकृति को जानते हुए, आप तब तक मैच नहीं जीत सकते जब तक आप वास्तव में मैच नहीं जीत लेते।

## प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखने के लिये आरसीबी और गुजरात के लिये करो या मरो का मुकाबला

**बेंगलुरू।** समीकरणों के आधार पर अभी भी प्लेआफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और गुजरात टाइटंस को अपनी थोड़ी बहुत उम्मीदें भी कायम रखने के लिये शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू दस मैचों में छह अंक लेकर तालिका में सबसे नीचे है जबकि टाइटंस दस मैचों में आठ अंक लेकर आठवें स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स (10 अंक) की पिछले मैच में हार के बाद इन दोनों टीमों की उम्मीदें बंधी है। दोनों को बखूबी पता है कि दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहने की बजाय खुद अपने अभियान को ढर्रे पर लाना होगा।

अपने मैदान पर खेल रही आरसीबी के लिये विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं जो इस सत्र में 500 रन पार करने वाले पहले बल्लेबाज बने। आरसीबी को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजों ने हालांकि मेजबान को निराश किया है। मोहम्मद सिराज, यश दयाल, कर्ण शर्मा और स्वप्निल सिंह कोई भी प्रभावित नहीं कर सका है। बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच पर उन्हें गुजरात के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा हालांकि अभी तक वे एक ईकाई के रूप में अच्छा नहीं खेल सके हैं। इसी वजह से दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी ने पिछले दो मैचों में उसे हराया है। शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन ने मिलकर गुजरात के लिये 700 से अधिक रन बनाये हैं। रिधिमान साहा, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, विजय शंकर और शाहरूख खान 200 रन के आसपास भी नहीं पहुंच सके हैं। गेंदबाजी में स्टार स्पिनर राशिद खान समेत कोई भी अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका है। राशिद ने दस मैचों में आठ की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिये हैं।

# मेदवेदेव के रिटायर होने से लेहेका सेमीफाइनल में



**मैड्रिड,एजेंसी।** दानिल मेदवेदेव के एक सेट (4-6) से पिछड़ने के बाद चोट के कारण नाम वापस लेने से जिरी लेहेका ने मैड्रिड ओपन में अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में जगह बनाई। दुनिया के 31वें नंबर के चेक खिलाड़ी ने पूरे राउंड में आश्चर्यजनक प्रदर्शन करते हुए अब मास्टर्स 1000 इवेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ परिणाम और दौरे पर अपना छठा सेमीफ़ाइनल हासिल किया।

दाहिने कशेरुका की समस्या के कारण मोंटे-कार्लो और बार्सिलोना से हटने के बाद लेहेका क्ले स्विंग का अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे थे। पहला सेट बिजली की गति से आगे बढ़ रहा था, पहले 15 मिनट में केवल 5 गेम पूरे हुए और रिटर्न पर केवल तीन अंक जीते। हालाँकि, सर्विस की लड़ाई जल्द ही मेडिकल टाइम-आउट से बाधित हो गई, जिसका अनुरोध मेदवेदेव ने तब किया जब वह 3-2 से आगे थे। लॉकर रूम से लौटने के बाद, मेदवेदेव असहज दिखे और उन्होंने लेहेका को रोकने की कोशिश की, लेकिन किसी तरह गेम को 40-30 तक ले जाने में सफल रहे। हालाँकि, दर्द स्पष्ट रूप से दूर नहीं हो रहा था और उनकी अपनी सर्विस पर दो अप्रत्याशित त्रुटियों (एक फोरहैंड पर और दूसरी बैकहैंड पर) ने उनके प्रतिद्वंद्वी को दो ब्रेक प्वाइंट दिए। मैड्रिड ओपन की रिपोर्ट के अनुसार, जिरी ने अपने अवसर का लाभ उठाया। मेदवेदेव की दोहरी गलती के बाद, मैच सर्विस के साथ चला गया जब तक कि दुनिया का नंबर 4 गेम नौ में एक और चोट से बचने में असमर्थ नहीं हो गया, जिससे वह कभी उबर नहीं सका। 5-4 से आगे, लेहेका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेट को बिना किसी चुनौती के (6-4) अपने नाम कर लिया। मेदवेदेव ने तुरंत अपनी बेंच तक स्प्रिंट लगाते हुए खुद को परखा, जहां उन्होंने इस साल के मटुआ मैड्रिड ओपन में अपनी भागीदारी को समाप्त करने का फैसला किया, साथ ही सोमवार को एटीपी रैंकिंग में नंबर 3 पर पहुंचने का मौका भी खो दिया। फ़ेलिक्स ऑगर-अलियासिमे फ़ाइनल के रास्ते में लेहेका की अगली बाधा होंगे। कनाडाई एक और खिलाड़ी है जिसने दौरे की सर्वोच्च श्रेणी में कभी भी खिताब नहीं जीता है, और वह अपने क्वार्टरफाइनल से जानिक सिनर की अनुपस्थिति के बाद मैच में आराम से उतरेंगे।

## एक नजर

### आधार हाउसिंग फाइनेंस का आईपीओ आठ मई को खुलेगा





**अहमदाबाद।** आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) आठ मई को खुलेगा। कंपनी की ओर से शुक्रवार को यहां जारी बयान में कहा है कि का कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिये आठ मई को बुधवार को खुलेगा और 10 मई शुक्रवार को बंद होगा। एंकर निवेशक बोली की तारीख सात मई मंगलवार होगी। दस रुपये प्रत्येक की फेस वैल्यू के साथ प्राइस बैंड 300 रुपये से 315 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। निवेशक न्यूनतम 47 इक्विटी शेयरों के लिये और उसके बाद 47 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियां लगा सकते हैं। इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग में 1000 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू और बीसीपी टॉपको वीआईआई पीटीई लिमिटेड द्वारा ऑफर फॉर सेल में 2000 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। कंपनी फ्रेश इश्यू से शुद्ध आय का उपयोग आगे की उधार देने के लिये भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य को पूरा करने के लिये करेगी।

### अमेठी की तरह रायबरेली छोड़ कर भागना पड़ेगा राहुल को: मौर्य



**गोण्डा।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के रायबरेली संसदीय क्षेत्र से उतरने की घोषणा पर तंज कसते हुये उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को कहा कि श्री गांधी अमेठी की तरह रायबरेली भी छोड़ कर भाग जायेंगे। कैसरगंज लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी करन भूषण सिंह की नामांकन सभा को सम्बोधित करते हुये उन्होने कहा राहुल गांधी जिस प्रकार अमेठी छोड़कर भाग गये उसी प्रकार इस बार भी रायबरेली छोड़ कर भाग जायेंगे। उन्होंने कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुये कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने पिछड़ो गरीबों और दलितों का आरक्षण जानबूझ कर संविधान के खिलाफ जाकर मुस्लिमों को दे दिया ।द्य उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा कि कांग्रेस के इस रवैये पर भी अखिलेश यादव चुप क्यों है। उपमुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर सियासी प्रहार करते हुये कहा कि सपा बसपा और कांग्रेस बड़ी बीमारी है और इस बार भाजपा के चार सौ सीटों के पार होते ही ये तीनों बीमारी देश से भाग जायेगी। श्री मौर्य ने दावा किया कि कैसरगंज सीट पर कमल का परचम रिकार्ड मतों से लहरायेगा। राममंदिर का जिक्र करते हुये उन्होने कहा कि अगर श्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री न होते तो राममंदिर निर्माण नहीं हो सकता था। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गांधी और श्री अखिलेश यादव ने प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताया था और श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का न्यौता मिलने के बावजूद वे लोग अयोध्या कार्यक्रम में नही गये। उन्होंने कहा कि जिन्होंने राम को ठुकरा दिया जनता 2024के लोकसभा चुनाव के परिणाम में उन्हें ठुकरा कर उनका सूपड़ा साफ कर देगी। श्री मौर्य ने कहा अखिलेश के पीडीए का अर्थ परिवार डेवलेपमेंट अथारिटी बताते हुये कहा कि कांग्रेस के साथ गठबंधन करने वाली समाजवादी पार्टी आखिर ओबीसी दलित और गरीबों के कांग्रेस द्वारा आरक्षण छीने जाने पर चुप क्यों है।

# मोदी के रोड शो के लिये रामनगरी तैयार



**अयोध्या,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी के पक्ष में पांच मई को रोड शो करेंगे। भाजपा कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच मई को फैजाबाद संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी एवं सांसद लल्लू सिंह के चुनाव प्रचार में अयोध्या धाम के सुग्रीव किला से लता चौक तक शाम साढ़े पांच बजे से रोड शो करेंगे। रामपथ मार्ग पर करीब दो किलोमीटर के रोड शो को 40 ब्लाकों में बांटा गया है। रोड शो के दौरान जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम भी सम्पन्न कराया जायेगा। प्रधानमंत्री पांच मई को शाम पांच बजे के करीब महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचेंगे। उनका रोड शो अयोध्या धाम के सुग्रीव किला से लता मंगेशकर चौक तक होगा। यहां से वह रामपथ के लिए आगे बढ़ेंगे। करीब दो किलोमीटर दूरी तय करेंगे उसके बाद श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर में रामलला के दरबार में साष्टांग दंडवत कर आशीर्वाद भी लेंगे।

भाजपा के सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भव्य स्वागत पूरे रास्ते में पुष्प वर्षा से किया जायेगा। संत-महंतों और बटुकों की ओर से शंखध्वनि करते हुए अगवानी की जायेगी। उन्होंने बताया कि पीएम के आगमन को ले करके पूरी तैयारियां कर ली गयी हैं। चार सौ बूथों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा जनसम्पर्क अभियान चलाकर लोगों को प्रधानमंत्री के रोड शो के लिये आमंत्रित किया है। इस अवसर पर सांसद लल्लू सिंह, नगर निगम के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, नगर निगम के पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने जनसम्पर्क अभियान चलवाया। अयोध्या विधायक वेदप्रकाश गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन से पहले चलने वाला स्वच्छता अभियान समाज में एक संदेश देने का कार्य करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अयोध्या धाम में रोड शो कर फैजाबाद संसदीय क्षेत्र के साथ अम्बेडकरनगर संसदीय क्षेत्र और बाराबंकी संसदीय सीट पर भी असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि यह रोड शो भारतीय जनता पार्टी की ओर से किया जा रहा है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह दूसरा रोड शो होगा। इसके पहले तीस सितम्बर 2023 को भी उन्होंने रोड शो किया था। इसी के साथ महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का लोकार्पण करते हुए जनसभा को भी सम्बोधित किया था। भारतीय जनता पार्टी के संगठन की ओर से पीएम प्रधानमंत्री के रोड शो की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसमें बड़ी संख्या में नागरिकों के साथ संत-महंतों की भागीदारी सुनिश्चित करायी जायेगी। इसके लिए पार्टी नेताओं ने जनसम्पर्क शुरू कर दिया है।

# केवल एक सामाजिक सुरक्षा योजना पर निर्भरता नाकाफी: दीपक मोहंती



**पुणे,एजेंसी।** पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के अध्यक्ष दीपक मोहंती ने कहा है कि एक मजबूत सेवानिवृत्ति कोष के निर्माण के लिए केवल एक सामाजिक सुरक्षा योजना पर निर्भर रहना नाकाफी है। श्री मोहंती ने आज यहां कॉर्पोरेट के साथ सेवानिवृत्ति योजना पर आयोजित गोलमेज सम्मेलन में वृद्ध समाज और बढ़ती जीवन प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेक्टेंसी) से जुड़े जरूरी मुद्दों पर पर भी रोशनी डाली। श्री मोहंती ने कहा कि एक मजबूत सेवानिवृत्ति कोष के निर्माण के लिए केवल एक सामाजिक सुरक्षा योजना पर निर्भर रहना नाकाफी है।

उन्होंने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) द्वारा दी जाने वाली दक्षता, पारदर्शिता और रिटर्न के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उनका कहना था कि कॉरपोरेट्स से एनपीएस को अपनाने पर विचार करने के लिए आग्रह किया जा रहा है, ताकि कर्मचारियों को एनपीएस में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान किया जा सके। साथ ही कॉरपोरेट्स में एनपीएस की लागू होने की दर बढ़ाने के लिए उन्हें शिक्षित और प्रेरित किया जा सके। एनपीएस 1 जनवरी 2004 या उसके बाद कार्यबल में शामिल होने वाले केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों (सशस्त्र बलों को छोड़कर) के लिए शुरू की गई थी। कई राज्य/केंद्रशासित प्रदेश की सरकारों ने भी अपने नए कर्मचारियों के लिए एनपीएस को अपनाया। एनपीएस 1 मई 2009 से स्वैच्छिक आधार पर सभी नागरिकों के लिए खोल दी गई। इसमें कॉर्पोरेट क्षेत्र के लोग भी शामिल किए गए हैं। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए अटल पेंशन योजना (एपीवाई) 1 जून 2015 को शुरू की गई थी। 27 अप्रैल, 2024 तक, एनपीएस और एपीवाई के कुल सब्सक्राइबर 7.38 करोड़ से अधिक हो गए थे। प्रबंधित कुल संपत्ति (एयूएम) 11.80 लाख करोड़ तक पहुंच गई है। अब कॉरपोरेट सहित समूचे निजी क्षेत्र में एनपीएस के सदस्यों की संख्या 55 लाख से अधिक है।

# संविधान की रक्षा के लिये भाजपा का सफाया जरुरी: अखिलेश



**मैनपुरी,एजेंसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि संविधान को बचाने के इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सफाया बेहद जरुरी है। मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के किशनी तथा करहल विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशी श्रीमती डिम्पल यादव के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभाओं में श्री यादव ने कहा यह देश और सबके भविष्य का चुनाव है। भाजपा के फैसलों से देश और देश की जनता परेशानी और संकट में है। बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर का संविधान खतरे में है। भाजपा के फैसलों से संविधान के साथ लोगों का जीवन भी संकट में है। उन्होने कहा कि पूरे देश में सभी अस्पतालों की ईसीजी से लेकर हार्ट से जुड़ी सभी जांचे मुफ्त करायी जाये, जिससे जिन लोगों को वैक्सीन लगी है वे जब चाहे, जहां चाहे अपने हार्ट का मुफ्त जांच कराने की व्यवस्था हो। भाजपा के लोगों ने वैक्सीनेशन के नाम पर देश की जनता को खतरे में डाला है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा के सभी वादे, दावे, बातें सब झूठी हैं। झूठ और लूट भाजपा की पहचान बन चुकी है। भाजपा पर कोई भरोसा मत करना। इनकी कथनी करनी अलग-अलग है। ये कहते कुछ हैं, करते कुछ हैं। भाजपा ने सबको ठगा है। इलेक्टोरल बांड के नाम पर सरकारी एजेंसियों से डराकर कम्पनियों से वसूली की। सत्ता का दुरूपयोग किया है। जबसे चुनावी चंदा वसूली की पोल खुली है। भाजपा का बैंड बज गया है। जिन कम्पनियों का कोई मुनाफा नहीं रहा उनसे भी सैकड़ों करोड़ रूपये की वसूली कर ली। सपा अध्यक्ष ने कहा कि क्या किसी को पता था कि अचानक रात में 12 बजे नोटबंदी हो जाएगी। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। क्या किसी को पता था कि देश के एयरपोर्ट, बंदरगाह, रेलवे बिक जाएंगे। क्या किसी को पता था कि देश में फौज की नौकरी चार साल करके जवानों को अग्निवीर बना दिया जाएगा। जवानों को मिलने वाली सुविधाएं खत्म कर दी जाएंगी। क्या किसी को पता था कि भाजपा सबको निजी हाथों में सौंप कर सरकारी नौकरी और आरक्षण खत्म कर देगी। भाजपा ने हर वर्ग को धोखा दिया है जिससे जनता में नाराजगी है। यह चुनाव बहुत विशेष है। जनता भाजपा को हटाने के लिए वोट कर रही है। उन्होने कहा कि मैनपुरी ने हमेशा समाजवादियों का साथ दिया। मैनपुरी ने नेताजी को राजनीतिक ऊंचाइयों पर पहुंचाया। नेताजी ने मैनपुरी में बहुत विकास किया। आज मैनपुरी में जो विकास दिखाई दे रहा है नेताजी और समाजवादियों की देन है। इस बार लोकसभा चुनाव में मैनपुरी श्रीमती डिम्पल यादव को रिकार्ड वोटों से जिताने को तैयार है।

# धन के प्रभाव में दागियों ने बेची आत्मा, जनता देगी जवाब: सुक्खू



**पांगी (चंबा)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हमारी पार्टी के दागियों ने धन के प्रभाव में आकर अपनी आत्मा को बेच दिया और कांग्रेस पार्टी के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने कहा कि इन छह नेताओं ने जनता पर उपचुनाव का अनावश्यक बोझ डाला है। श्री सुक्खू ने जिला चम्बा के पांगी में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के पक्ष में धुंआधार प्रचार किया और मंडी लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी विक्रमादित्य के पक्ष में वोट मांगे। किलाड़ में एक विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव में सभी सीटें जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के साथ साथ विधानसभा की सभी छह सीटें कांग्रेस पार्टी बड़े अंतर से जीतेगी।

श्री सुक्खू ने कहा कि दागियों ने धन के प्रभाव में आकर अपनी आत्मा को बेच दिया और कांग्रेस पार्टी के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने कहा कि इन छह नेताओं ने जनता पर उपचुनाव का अनावश्यक बोझ डाला है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी धनबल से सत्ता हथियाना चाहती है, लेकिन प्रदेश की जनता जनबल से इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि अब इन छह दागी नेताओं को हराना प्रदेश के मतदाताओं की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मण्डी से भाजपा की प्रत्याशी को जनता के मुद्दों का कोई ज्ञान नहीं है। भाजपा एक स्क्रिप्ट कंगना रनौत को दे रही है और वह अपने डायलॉग बोल रही हैं। उन्होंने कहा कि श्री जयराम ठाकुर एक फ्लॉप निर्देशक हैं और चार जून को यह फिल्म बुरी तरह से पिट जाएगी। उन्होंने कहा कि चार जून को फिल्म फ्लॉप होने के बाद कंगना वापिस मुम्बई चली जाएंगी। उन्होंने कहा कि आपदा में कंगना रनौत ने प्रभावित परिवारों की कोई मदद नहीं की, जबकि फिल्म अभिनेता आमिर खान ने चुपचाप 25 लाख रुपये आपदा प्रभावितों के लिए दिए। उन्होंने कहा कि पिछली बरसात के दौरान हिमाचल प्रदेश में आई इतिहास की सबसे बड़ी आपदा के दौरान वे और मंत्रिमंडल के सभी सदस्य प्रभावित क्षेत्रों में जाकर आपदा प्रभावितों परिवारों के साथ खड़े रहे और उनकी मदद की। राज्य सरकार ने बिना केन्द्रीय सहायता के अपने सीमित संसाधनों से प्रभावित परिवारों को 4500 करोड़ रुपये का पैकेज दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने अपनी 10 प्रमुख चुनावी गारंटियों में से पांच गारंटियों को मात्र सवा साल के कार्यकाल में पूरा किया है। सरकार ने पुरानी पैंशन को बहाल किया, महिलाओं को 1500 रुपये की पैंशन दी, युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपये का स्टार्टअप फंड बनाया, सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम में पढ़ाई शुरू की। इसके साथ साथ किसानों के कल्याण को देखते हुए दूध की खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गाय का दूध 45 रुपये तथा भैंस का दूध 55 रुपये खरीदा जा रहा है। श्री सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्रों में विकास कार्यों को विशेष प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि पांगी क्षेत्र की समस्याओं को देखते हुए यहां राज्य सरकार सौर उर्जा के दोहन को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पांगी में बर्फवारी के दिनों में भी बिजली आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम परियोजना स्थापित की जा रही है। पांगी क्षेत्र के खरयार में 1.2 मैगावाट तथा धरवार, हिलौर में 400-400 किलोवाट की सौर उर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मालू नाला फेज-दो विद्युत परियोजना को आने वाले समय में नए सिरे से शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पांगी में सड़क व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा तथा यहां चल रहे अधूरे प्रोजेक्टों को जल्द से जल्द पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे।

# शाह ने कर्नाटक राजनीति में एसडीपीआई के प्रभाव पर जताई चिंता



**हुक्केरी,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर कर्नाटक में सत्ता सुरक्षित करने के लिए प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के राजनीतिक मोर्चे सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के साथ गठबंधन करने का आरोप लगाया। श्री शाह की यह टिप्पणी बेंगलुरु में बम विस्फोट के बाद बढ़ते तनाव के बीच आई है, जिसके लिए उन्होंने एसडीपीआई से जुड़े 'राष्ट्र-विरोधी तत्वों' को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने बेलगावी जिले में एक सार्वजनिक बैठक में अपने संबोधन में इस आशय की चिंता जताई।

गत एक मार्च को हुए रामेश्वरम कैफे विस्फोट पर प्रकाश डालते हुए श्री शाह ने कांग्रेस सरकार की जांच को चुनौती देते हुए एसडीपीआई गुर्गों की कथित संलिप्तता पर प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य की गहन जांच करने की क्षमता पर संदेह का हवाला देते हुए, हुबली की छात्रा नेहा हिरेमथ हत्या मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा,मोदी जी के नेतृत्व में, पूरे देश में आतंकवाद पर निर्णायक रूप से अंकुश लगाया गया है, और पीएफआई के खतरे का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया गया है। हालांकि, यह चिंताजनक है कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने खुद को पीएफआई के एक ज्ञात सहयोगी एसडीपीआई के साथ गठबंधन कर लिया है। श्री शाह ने चिक्कोडी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार अन्नासाहेब जोले के समर्थन में उत्साही सभा को संबोधित करते हुए कहा,इस अपवित्र गठबंधन के नतीजे स्पष्ट हैं - हमने उनके सत्ता में आने के तुरंत बाद बेंगलुरु में एक दुखद बम विस्फोट देखा। यह हमारे देश की सुरक्षा और स्थिरता के लिए ऐसे गठबंधनों द्वारा उत्पन्न गंभीर खतरों को रेखांकित करता है। नेहा हिरेमथ की दुखद हत्या का जिक्र करते हुए श्री शाह ने घटना की प्रारंभिक विशेषता को व्यक्तिगत विवाद के रूप में वर्णित करने की आलोचना की। उन्होंने नेहा की दुखी मां से मुलाकात का जिक्र किया और नेहा पर धर्म परिवर्तन के लिए कथित दबाव पर जोर दिया। साथ ही कांग्रेस को चेतावनी दी कि अगर वह इस मामले में न्याय करने में विफल रहे तो परिणाम भुगतने होंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस पार्षद की 23 वर्षीय बेटी नेहा की उसके कॉलेज परिसर में चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद आरोपी फयाज खोंडुनायक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गहन जांच के लिए श्री शाह की भावुक अपील लोगों को पसंद आई और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध पार्टी करार दिया। व्यापक राजनीतिक विषयों की ओर मुड़ते हुए श्री शाह ने कांग्रेस के कथित भ्रष्टाचार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के स्वच्छ शासन के साथ जोड़ दिया। उन्होंने कोविड-19 टीकों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के रुख की आलोचना की और इसकी तुलना सार्वजनिक सेवा के प्रति श्री मोदी के अटूट समर्पण से की।

उन्होंने कहा,इस महत्वपूर्ण चुनाव में, हमारे सामने एक स्पष्ट विकल्प है। एक तरफ, हमारे पास कांग्रेस है, जो 12 लाख करोड़ रुपये के घोटालों और भ्रष्टाचार में फंसी हुई है। दूसरी ओर, हमारे पास नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा है, जिन्होंने कुल 23 वर्षों तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया है, उनके रिकॉर्ड पर भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं है। ाी शाह ने आसन्न चुनावों के लिए भाजपा के लिए उत्साहपूर्ण समर्थन जुटाते हुए घोषणा की, यह स्पष्ट विरोधाभास मतदाताओं के सामने स्पष्ट और निर्विवाद विकल्प को रेखांकित करता है। श्री शाह ने राम मंदिर मुद्दे के समाधान और धार्मिक स्थलों के विकास जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियों के लिए भी श्री मोदी को श्रेय दिया, जबकि अयोध्या अभिषेक समारोह जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में उनकी अनुपस्थिति के लिए कांग्रेस नेताओं की आलोचना की। श्री शाह ने सभा को कांग्रेस की 'वंशवादी राजनीति' और भाजपा द्वारा अपनाई गई 'परंपरा' के बीच चयन करने की चुनौती दी।

# चेन्नई के ज्वैलर्स शोरुम में डकैती के दो आरोपियों को सांचौर में पकड़ा



**जयपुर।** राजस्थान की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पुलिस मुख्यालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तमिलनाडु के चेन्नई शहर स्थित कृष्णा ज्वैलर्स शोरूम पर हथियारों के दम पर डकैती की वारदात कर सोने चांदी के आभूषण लूटने के मामले में वांछित दो बदमाशों को सांचौर जिले से पकड़ लिया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एजीटीएफ एवं अपराध) दिनेश एमएन ने बताया कि इन आरोपियों को पकड़ने के बाद तमिलनाडु से आई विशेष पुलिस टीम को सुपुर्द कर दिया गया। इन बदमाशों को दस्तयाब करने वाली एजीटीएफ के प्रत्येक सदस्य को 10-10 हजार रुपए के नकद इनाम से सम्मानित किया गया है।

श्री एमएन ने बताया कि पकड़े गए आरोपी सुरेश विश्नोई (28) खुमानियों की ढाणी डूंगरवा थाना बागोड़ा जिला सांचौर एवं अशोक कुमार विश्नोई (22) गांव बावरला थाना सरवाना जिला सांचौर के रहने वाले हैं। अशोक विश्नोई अपराधी प्रवृत्ति का है। पूर्व में भी सोना और पेट्रोल पंप लूट की घटना में शामिल रहा है। इसके विरुद्ध सांचौर और जोधपुर जिले में सात आपराधिक प्रकरण दर्ज है। इस गिरोह के सदस्य गुजरात में 12 किलो सोना लूट की वारदात में भी शामिल रहे है। उन्होंने बताया कि डीआईजी योगेश यादव एवं एडिशनल एसपी विद्या प्रकाश के सुपरविजन में सक्रिय आपराधिक गिरोह एवं गैंगस्टर के बारे में आसूचना संकलन के लिए एक पुलिस टीम रवाना की गई है।

उन्होंने बताया कि तमिलनाडु राज्य में चेन्नई कमिश्नरेट के जिला अवाडी में थाना मुथापुडुपेट स्थित कृष्णा ज्वैलर्स शोरूम में कुछ हथियारबंद बदमाशों द्वारा गत 15 अप्रैल को डकैती की वारदात की गई थी। जिसमें हथियारों की नोक पर कर्मचारियों को डरा धमका कर चार किलो सोने के आभूषण एवं 13 किलो चांदी एवं चांदी के आभूषण बदमाश लूट ले गये। टीम को सूचना मिली थी कि घटना के आरोपी सांचौर जिले में छुपे हुए हैं। इस सूचना पर एजीटीएफ ने अपनी पहचान छुपाते हुए भीनमाल, सांचौर, चितलवाना, धोरीमना बाड़मेर तथा जोधपुर में अपनी जान की परवाह न करते हुए डकैतों के संबंध में आसूचना संकलन कर कड़ी मेहनत से इन दोनों बदमाशों को पकड़ा और उनकी निशांदेही पर 750 ग्राम सोने के आभूषण एवं लगभग चार किलो चांदी एवं चांदी के आभूषण बरामद किए है।

मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी, सैफुल्लाह सिद्दिकी द्वारा आरडी प्रिंटिंग एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-08, नोएडा (यूपी), से छपवा कर एन-81, बटला हाउस, जामिया नगर पुलिस स्टेशन, जामिया नगर, नई दिल्ली-110025 से प्रकाशित किया। सर्वाधिकार सुरक्षित, किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा। (संपादक- सैफुल्लाह सिद्दिकी)